संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com

Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 20,अंक-127 शुक्रवार, 08 मार्च 2024, पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

# 370 हटने के बाद से ही जम्मू कश्मीर है आजाद

» मोदी बोले- ये नया जम्मू-कश्मीर
» इसका दशकों से इंतजार था...
» आज ये खुलकर सांस ले रहा...
» विपक्ष ने 370 के नाम पर गुमराह किया...






**श्रीनगर,07 मार्च 2024(ए)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार (7 मार्च) को जम्मू-कश्मीर दौरे पर पहुंचे। उन्होंने श्रीनगर के बख्शी स्टेडियम में विकसित भारत, विकसित जम्मू-कश्मीर कार्यक्रम के तहत 6400 करोड़ रुपए से ज्यादा के प्रोजेक्ट्स का इनॉगरेशन किया। 1000 युवाओं को जॉब लेटर भी दिए। इसके बाद युवा उद्यमियों से उनकी कामयाबी के किस्से और समस्याएं सुनीं।

पीएम मोदी ने बख्शी स्टेडियम की सभा में कहा- ये नया जम्मू-कश्मीर है। इसका दशकों से इंतजार था। यह वो जम्मू-कश्मीर है, जिसके लिए श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने बलिदान दिया। इसकी आंखों में भविष्य की चमक है। चुनौतियों को पार करने का हौसला है। आज ये खुलकर सांस ले रहा था। धरती के स्वर्ग पर आने का एहसास शब्दों से परे है।

पीएम मोदी ने कहा- जम्मू-कश्मीर परिवारवाद और भ्रष्टाचार का भुक्तभोगी रहा है। यहां जम्मू कश्मीर बैंक में अपने नाते-रिश्तेदारों और भाई-भतीजों को भरकर इन परिवारवादियों ने बैंक की कमर तोड़ दी थी। हमने बैंक को एक हजार करोड़ की मदद देना तय किया। जो डूबने वाला बैंक था, आज उसका मुनाफा 1700 करोड़ रुपए तक पहुंच रहा है।

कांग्रेस और उसके साथियों ने दशकों तक 370 के नाम पर जम्मू-कश्मीर और देश को गुमराह किया। आज जम्मू-कश्मीर में सारे रिकॉर्ड टूट रहे हैं। अकेले 2023 में ही 2 करोड़ से ज्यादा पर्यटक यहां आए।

पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा- मैंने एक दोस्त नाजिम के साथ मेमोरेबल सेल्फी ली। नाजिम जो काम कर रहे हैं, उसने मुझे बहुत प्रभावित किया। जनसभा के दौरान उन्होंने मुझसे सेल्फी लेने का आग्रह किया। उनसे मिलकर बहुत अच्छा लगा। उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूं।

### जम्मू-कश्मीर बैंक डूबने वाला था, आज उसका मुनाफा 1700 करोड़

पीएम ने कहा- जम्मू-कश्मीर परिवारवाद और भ्रष्टाचार का भुक्तभोगी रहा है। यहां जेएंडके बैंक में अपने नाते-रिश्तेदारों और भाई-भतीजों को भरकर इन परिवारवादियों ने बैंक की कमर तोड़ दी थी। हमने बैंक को एक हजार करोड़ की मदद देना तय किया। जो डूबने वाला बैंक था, आज उसका मुनाफा 1700 करोड़ रुपए तक पहुंच रहा है।

### 370 हटने के बाद जम्मू-कश्मीर खुलकर सांस ले रहा

पीएम ने कहा- जम्मू-कश्मीर विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। आज खुलकर सांस ले रहा है। यह 370 हटने के बाद हुआ। दशकों तक कांग्रेस और उसके साथियों ने 370 के नाम पर जम्मू-कश्मीर और देश को गुमराह किया। इससे फायदा जम्मू-कश्मीर को था या सिर्फ कुछ राजनीतिक परिवारों को था, यह आज जनता जान चुकी है। आज 370 नहीं है इसलिए यहां युवाओं की प्रतिभा का पूरा सम्मान हो रहा है, उन्हें नए अवसर मिल रहे हैं।

## संक्षिप्त खबर

### प्रमोद यादव की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या



**जौनपुर,07 मार्च 2024(ए)।** उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले से बड़ी खबर आ रही है। जिले के बोधापुर गांव निवासी भाजपा के किसान मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष प्रमोद यादव (55) की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मौजूदा समय में भाजपा संगठन के जिला महामंत्री थे। घटना को लेकर इलाके में हड़कंप मच गया। मौके पर अफरा-तफरी का माहौल रहा।

## हाईकोर्ट ने आंदोलनकारी किसान नेताओं को खूब फटकारा

**चंडीगढ़,07 मार्च 2024(ए)।** बच्चों को ढाल के रूप में इस्तेमाल करने को लेकर पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट ने आंदोलनकारी किसान नेताओं को खूब फटकार लगाई। कोर्ट ने कहा कि बच्चों को ढाल के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है! यह शर्मनाक है, बिल्कुल शर्मनाक है। एसीजे जीएस संधवालिया और न्यायमूर्ति लपीता बनर्जी की खंडपीठ ने सवाल पूछते हुए कहा कि क्या आप दिल्ली में जंग के लिए जा रहे हैं। इस तरह की तैयारी करके जाने की क्या जरूरत है। निर्दोष लोगों को आगे करना ठीक नहीं है। पीठ ने कहा कि आपके नेताओं को जेल भेजना चाहिए। बच्चों की आड़ में प्रदर्शन करना शर्मनाक है। आप जो कर रहे हैं, वह पंजाब की संस्कृति नहीं है।

पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने किसान आंदोलनकारियों से कहा कि यह एक युद्ध जैसी स्थिति है। उन्होंने (प्रदर्शनकारियों ने) ऐसी स्थिति पैदा की। बाद में कहते हैं कि महिलाएं और बच्चे घायल हो गए। अदालत का यह रिएक्शन हरियाणा सरकार का प्रतिनिधित्व कर रहे वकील द्वारा विरोध प्रदर्शन की कई तस्वीरें दिखाए जाने के बाद आया। अदालत ने कहा, ÷आप किस तरह के माता-




पिता हैं। अदालत ने आंदोलन को शांतिपूर्वक बताने वाले वकीलों को फटकारते हुए कहा कि यहां खड़े हो कर बोलना बहुत आसान है। कोर्ट ने वकीलों से पटियाला की घटना याद दिलाई। पीठ ने कहा कि वहां एक पुलिस अधिकारी का हाथ काट दिया गया था। हाथों में तलवार लेकर शांतिपूर्वक प्रोटेस्ट कौन करता है? इसके अलावा, उच्च न्यायालय ने अपनी जिम्मेदारियों को ठीक से पूरा करने में विफल रहने के लिए पंजाब और हरियाणा सरकारों को भी कड़ी फटकार लगाई। उच्च न्यायालय ने हरियाणा सरकार से भी पूछा कि उसने 21 फरवरी को प्रदर्शनकारियों पर गोलियां क्यों चलाईं, इसका औचित्य बताएं। 21 फरवरी को विरोध हिंसक हो गया, जिससे बठिंडा जिले के 22 वर्षीय किसान शुभकरण सिंह की मौत हो गई था। जवाब में हरियाणा सरकार के वकील ने कहा कि स्थिति हिंसक हो गई थी जिससे पुलिस बल को वाटर कैनन, लाठीचार्ज, पेलेट और रबर की गोलियों का इस्तेमाल करना पड़ा। सरकार ने दावा किया कि 15 पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। कोर्ट ने कहा कि किसान शुभकरण की मौत की जांच हाईकोर्ट के रिटायर्ड जज की अगुवाई में होगी। इसके लिए 3 मेंबरों की समिति बनाई जाएगी।

हाईकोर्ट की फटकार ऐसे समय में आई है जब किसान नेता पंधेर और जगजीत सिंह डल्लेवाल ने गत रविवार को देशभर के किसानों से आह्वान किया था कि वे छह मार्च को दिल्ली पहुंचे जबकि किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर 10 मार्च को चार घंटे के 'रेल रोको' प्रदर्शन की अपील भी की है। फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गांरटी सहित विभिन्न मांगों को लेकर सरकार पर दबाव बनाने के वास्ते संयुक्त किसान मोर्चा (गैर राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा (केएमएमए) ने 'दिल्ली चलो' मार्च का नेतृत्व कर रहे हैं। दोनों मंचों ने फैसला किया कि जहां पंजाब और हरियाणा के किसान शंभू और खनौरी सीमा पर चल रहे आंदोलन का समर्थन करना जारी रखेंगे, वहीं अन्य राज्यों के किसानों और खेतिहर मजदूरों से किसानों की मांग के समर्थन में छह मार्च को राष्ट्रीय राजधानी में विरोध प्रदर्शन का आह्वान किया।

## ईडी की अर्जी पर राउज एवेन्यू कोर्ट का अरविंद केजरीवाल को समन

### 16 मार्च को पेश हो केजरीवाल




**नई दिल्ली,07 मार्च 2024(ए)।** दिल्ली शराब नीति घोटाला मामले में ईडी की अर्जी पर राउज एवेन्यू कोर्ट ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को समन भेजकर 16 मार्च को पेश होने को कहा है। बता दें कि इस मामले में ईडी इससे पहले आठ समन भेज चुकी है। केजरीवाल इन समन को गैरकानूनी बताते रहे हैं। हालांकि, उन्होंने कहा था कि वह ईडी के सवालों के जवाब देने के लिए तैयार हैं. उन्होंने ईडी से 12 मार्च के बाद की कोई तारीख मांगी थी।वहीं, केजरीवाल को बार-बार ईडी की ओर से समन भेजने पर आम आदमी पार्टी ने सवाल उठाया था कि आखिरी ईडी किस आधार पर ये समन भेज रही है। आम आदमी पार्टी का कहना है कि चंडीगढ़ में सुप्रीम कोर्ट ने जिस तरह से फैसला सुनाया है, उसी का बदला अरविंद केजरीवाल से लिया जा रहा है। अगर ये सिर्फ लीगल मामला होता तो श्रष्ठ कोर्ट के फैसले का इंतजार करती, आम आदमी पार्टी इससे डरने वाली नहीं है।

## जेल में मांगी गई ऑनलाइन रिश्वत

### 2 पर कसा शिकंजा,पुलिस प्रमुख को जवाब दाखिल करना होगा

**बिलासपुर,07 मार्च 2024(ए)।** सारंगढ़ उप जेल में जेलर व प्रहरियों की पिटाई से 10 से अधिक बंदियों के घायल होने के मामले में राज्य सरकार की ओर से बताया गया कि जेलर संदीप कश्यप और प्रहरी महेश्वर हिचामी और टिकेश्वर साहू को निलंबित कर उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। साथ ही उन्हें गिरफ्तार भी कर लिया गया है। इसी दौरान दो बंदियों की ओर से जानकारी दी गई कि उनसे जेल प्रहरियों ने ऑनलाइन रिश्वत मांगी है। ज्ञात हो कि मीडिया में मारपीट का मामला सामने आने के बाद हाईकोर्ट ने इसे स्वत÷ संज्ञान जनहित याचिका के रूप में स्वीकार कर सुनवाई शुरू की है। पिछली सुनवाई में हाईकोर्ट ने राज्य सरकार व डीजी जेल को नोटिस जारी किया था। इसका जवाब बुधवार को प्रस्तुत किया



गया। उन्होंने आरोपी जेलर और प्रहरियों पर एफआईआर तथा गिरफ्तारी की जानकारी दी। इसी दौरान अधिवक्ता प्रियंका शुक्ला ने बंदी दिनेश चौहान और सागर दास महंत की ओर से बताया कि जेल के स्टाफ पेटीएम और दूसरे वालेट से ऑनलाइन रिश्वत लेते थे। उन्होंने 3500 रुपये के ट्रांजेक्शन के सबूत भी कोर्ट में प्रस्तुत किया। बेंच ने इस पर हैरानी जताई कि रिश्वत ऑनलाइन ली जा रही है। कोर्ट ने पूछा कि रिश्वत देना भी एक जुर्म है। यदि ऑनलाइन रिश्वत मांगी गई तो इसकी शिकायत क्यों नहीं की गई। रिश्वत देने वालों पर भी कार्रवाई हो सकती है। इस पर अधिवक्ता की ओर से कहा गया कि प्रताडऩा और धमकी की वजह से बंदियों को रिश्वत देना पड़ता है। कोर्ट ने इसे लेकर भी डीजीपी को जवाब दाखिल करने कहा है। मामले की अगली सुनवाई 19 मार्च को होगी।

## भाजपा में शामिल हुए कलकत्ता हाईकोर्ट के पूर्व न्यायाधीश अभिजीत गंगोपाध्याय



**कोलकाता,07 मार्च 2024 (ए)।** कलकत्ता उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति अभिजीत गंगोपाध्याय गुरुवार को भाजपा में शामिल हुए। इस दौरान पश्चिम बंगाल बीजेपी प्रमुख सुकांत मजूमदार, नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी और अन्य भाजपा पदाधिकारी मौजूद थे। अभिजीत गंगोपाध्याय ने 5 मार्च को अपने पद से इस्तीफा देने के साथ ही स्पष्ट कर दिया था कि वे 7 मार्च को भाजपा में शामिल हो रहे हैं।भाजपा में शामिल होने के बाद अभिजीत गंगोपाध्याय ने कहा कि आज (भाजपा में) शामिल होना अच्छा है. जिस तरह से उन्होंने मेरा स्वागत किया है वह अभिभूत करने वाला है। हर कोई जानता है कि भ्रष्टाचार से लड़ना है.।संदेशखाली पर उन्होंने कहा कि यह बहुत बुरी घटना है.। राज्य के नेता वहां गए थे. उन्हें वहां पहुंचने से रोका गया है.। इसके बावजूद वे पहुंचे और वहां की महिलाओं के साथ खड़े हुए हैं, और बीजेपी सन्देशखाली में उत्पीड़ितों का मुद्दा उठा रही है।

## दो महिला समेत 8 को फांसी की सजा

### ट्रिपल मर्डर से दहला था इलाका

**बरेली,07 मार्च 2024(ए)।** यूपी के बरेली के सुरेशशर्मा नगर में डकैती के दौरान हुए तिहरे हत्याकांड में फास्ट ट्रैक प्रथम रवि कुमार दिवाकर की कोर्ट ने गुरुवार को छैमार गैंग की दो महिला समेत आठ सदस्यों को फांसी और जेवरात खरीदने वाले सराफा को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। एडीजीसी क्राइम दिगंबर सिंह पटेल ने बताया, 23 अप्रैल 2014 को सुरेशशर्मा नगर में सॉफ्टवेयर इंजीनियर योगेश मिश्रा, पत्नी प्रिया और मां पुष्पा देवी के शव कोठी के अंदर मिले थे। सिर कुचलकर तीनों की हत्या की गई थी। वहां से नगदी, जेवरात व कीमती कपड़े गायब थे।

इस मामले में योगेश के भाई आयकर विभाग के इंस्पेक्टर रविकांत मिश्रा ने थाना बारादरी में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। बारादरी पुलिस ने विवेचना के दौरान छैमार गैंग के आठ सदस्यों को गिरफ्तार कर किया था। गिरोह की दो




महिलाएं घरों में भीख मांगने के नाम पर रेकी करती थीं और फिर वारदात को अंजाम देते थे। बारादरी पुलिस ने 2 मई 2014 को उमरिया डेरे से वाजिद, नाजिमा और हाशिमा को गिरफ्तार कर तिहरे हत्याकांड का खुलासा किया था। 7 मई 2014 को छैमार गैंग से लूट के जेवरात खरीदने वाले सर्राफ राजू वर्मा को सैटेलाइट बस अड्डे से गिरफ्तार किया था।

सर्राफ ने पूछताछ में जेवरात जीशान उर्फ हसीन से खरीदना कबूला था। सर्राफ के कब्जे से दो नोटबुक भी मिले, जिसमें गैंग द्वारा लूटे गए जेवर की खरीद फरोख्त का हिसाब लिखा था। इसके गैंग के पांच अन्य सदस्य को गिरफ्तार किया। सात 2024 मार्च गुरुवार को फास्ट ट्रैक प्रथम रवि कुमार दिवाकर की कोर्ट ने तिहरे हत्याकांड में सजा सुनाई। जिसमें आरोपी नाजिमा, हाशिमा, वाजिद, हसीन, यासीन, समीर, जुफाम, फाईम को फांसी की सजा सुनाई गई, जबकि लूट के जेवरात खरीदने वाले सराफ राजू वर्मा को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई।

## पहली बार 5 नक्सल कैंप में एडिशनल एसपी की पोस्टिंग

### सभी भूपेश सरकार में थे पॉवरफुल अफसर

**रायपुर,07 मार्च 2024 (ए)।** बुधवार शाम को गृह विभाग ने एडिशनल एसपी की जंबो ट्रांसफर लिस्ट निकाली है। प्रदेश के 76 एडिशनल एसपी का तबादला किया गया है। इनमें तीन अफसर वे हैं जो पिछली सरकार में परिवहन विभाग को सेवाएं दे रहे थे। इस लिस्ट में कई पोस्टिंग ऐसी की गई है, जो पहली बार है। इसमें सबसे हैरान करने वाले वे 5 नाम हैं, जिन्हें नक्सलियों से सीधी लड़ाई के लिए बनाए कैंप में पोस्टिंग दी गई है। इसका मतलब यह है कि इन्हें कैंप में ही रहना होगा। इन पांच अफसरों को भूपेश सरकार का बेहद करीबी अफसर मानकर पोस्टिंग की गई है। इनमें से एक अफसर बीते 5 सालों से परिवहन विभाग को सेवाएं दे रहे थे। इनकी सेवाएं गृह विभाग को वापस देते हुए सीधे कैंप की जिम्मेदारी दी गई है। इन पांचों के अलावा कई अफसरों को कैंप में तो नहीं भेजा गया, लेकिन नक्सल क्षेत्रों में ऑपरेशन और अन्य जिम्मेदारियां दी गई हैं।




## कवर्धा में कानून-व्यवस्था रखा गया ताक पर

### 7 साल की बच्ची का मिला शव,सिर पर चोट के निशान,एक माह के भीतर जिले में 5 वीं घटना

**कवर्धा,07 मार्च 2024(ए)।** कबीरधाम जिले में लगातार अपराध बढ़ता जा रहा है. महीनेभर में 8 लोगों की हत्या होने से कानून व्यवस्था पर भी अब सवाल उठने लगे हैं. आज फिर कवर्धा के काटा मारी क्षेत्र में खून से लथपथ 7 साल की बच्ची का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई है. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच में जुट गई है.

यह घटना टाटीवाह गांव की है. मृत बच्ची कक्षा पहली की छात्रा थी. घर से कुछ ही दूर बाड़ी में बच्ची का शव मिला है. फिलहाल पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. पुलिस पूरे मामले की बारीकी से जांच कर रही है. मिली जानकारी के अनुसार मृतिका सुबह 9 बजे घर से भोजन करने के बाद खेलने गांव के तरफ गई हुई थी. घर नहीं पहुंचने पर परिजन और ग्रामीणों ने तालाश की. इस दौरान 7 वर्षीय कविता की लाश गांव के बाड़ी में खून से सने मिली. ग्रामीणों ने हत्या की आशंका जताई है. बताया जा रहा है कि इस इलाके में नक्सलियों की धमक है इसलिए यह इलाका बेहद संवेदनशील है.

### नागाडबरा में तीन बैगा आदिवासियों की हत्या

कवर्धा के नागाडबरा में 15 जनवरी को तीन बैगा आदिवासियों की हत्या हुई थी. पुलिस ने मामले में 14 आरोपियों को गिरफ्तार किया है. इनमें एक नाबालिग और दो महिला भी शामिल हैं. आरोपियों ने जमीन विवाद के चलते वारदात को अंजाम दिया था. आरोपियों ने हत्या के बाद इसे हादसे का रूप देने के लिए घर में आग लगाई थी. पुलिस को मौके पर खून के छीटे मिले थे. पुलिस मामले की जांच की तो हत्या के सुराग मिले. फिर धीरे-धीरे सभी राज खुलते गए और एक-एक कर पूरे मामला का खुलासा हो गया.





### गला रेतकर चरवाहे साधराम की हत्या

लालपुर कला गांव के नर्सरी के पास 20 जनवरी की रात एक अधेड़ व्यक्ति की शव मिली थी. मृतक का नाम साधराम यादव (50), जो गोशाला में चरवाहा का काम करता था. इस हत्याकांड का पुलिस ने 24 घंटे के भीतर खुलासा किया था. मामले में 5 आरोपी को गिरफ्तार किया गया, जिसमें से एक नाबालिग है. रात के समय घटना स्थल पर मृतक और आरोपियों के बीच विवाद हुआ था. इस दौरान विवाद इतना बढ़ा कि आरोपियों ने धारदार हथियार से साधराम की गला रेतकर हत्या कर दी थी. फिलहाल हत्याकांड के सभी आरोपियों को जेल भेज दिया गया है.

### बॉयफ्रेंड ने प्रेमिका और मां को उतारा मौत के घाट

कबीरधाम में डबल मर्डर होने से इलाके में सनसनी फैल गई थी. बॉयफ्रेंड ने ही प्रेमिका और उसकी मां की हत्या की थी. पुलिस ने आरोपी को रायपुर से गिरफ्तार किया था. मिली जानकारी के मुताबिक, वसुंधरा वैष्णव और बॉयफ्रेंड के बीच चौथी शादी होने वाली थी. इसी विवाह को लेकर वसुंधरा वैष्णव और आरोपी बॉयफ्रेंड के बीच 22 फरवरी को विवाद हुआ था. यह वारदात कवर्धा शहर के एसपी कार्यालय के सामने के घर में हुई थी. मृतक का नाम पार्वती वैष्णव (मां) उम्र 58 व उसकी बेटी वसुंधरा वैष्णव (पिंकी) उम्र 35 है.

नदी में मिला था महिला का शव

कवर्धा पंडरिया थाना क्षेत्र के ग्राम करपीगोडान के पास हाफ नदी में एक महिला का शव मिला था. सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा बनाया. पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मृतिका की पहचान रमौतीन पति पंडरू बैगा (55) ग्राम पंचायत लिम्हईपुर के बैगा टोला के रूप में की गई थी. फिलहाल पंडरिया पुलिस की टीम जांच में जुट चुकी है.

## संपादकीय

### साख पर सीधा प्रहार

आज ऐसे संदेह खुलकर जताए जा रहे हैं कि न्यायपालिका का एक हिस्सा एक खास राजनीतिक परियोजना का हिस्सा बनता जा रहा है। इस पृष्ठभूमि में जस्टिस गंगोपाध्याय से संबंधित खबर न्यायिक साख के लिए तगड़े झटके के रूप में रूप में आई है। किसी संवैधानिक न्यायालय का वर्तमान जज आम चुनाव से ठीक पहले राजनीति में भाग लेने का इरादा जताते हुए अपने पद से इस्तीफा दे, तो बेशक उससे न्यायपालिका की निष्पक्षता को लेकर आम जन के बीच एक बेहद खराब संदेश जाएगा। और खासकर तब तो बिल्कुल ही ऐसा होगा, अगर उस जज ने अपने कार्यकाल के दौरान ऐसे अनेक आदेश दिए हों और टिप्पणियां की हों, जिनसे एक पार्टी विशेष को अपना एजेंडा आगे बढ़ाने में मदद मिली हो। दुर्भाग्यपूर्ण है कि भारतीय न्यायपालिका में सचमुच ऐसी घटनाएं हो रही हैं।कलकत्ता हाई कोर्ट के जज अभिजित गंगोपाध्याय के कई आदेशों से पश्चिमी बंगाल में सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस के लिए मुश्किलें खड़ी हुई थीं। जबकि विपक्षी भारतीय जनता पार्टी के तृणमूल विरोधी अभियान को उन आदेशों से बल मिला था। इसीलिए जस्टिस गंगोपाध्याय ने जब यह एलान किया कि वे मंगलवार को अपने पद से इस्तीफा देकर राजनीति में प्रवेश करेंगे, तो उससे न्यायिक निष्पक्षता के पक्षधर लोगों को आघात पहुंचा।जस्टिस गंगोपाध्याय ने अभी नहीं बताया है कि वे किस दल की सदस्यता लेंगे या क्या वे लोकसभा चुनाव में उम्मीदवार बनेंगे। लेकिन उनकी ताजा घोषणा से तृणमूल कांग्रेस को यह कहने का आधार जरूर मिला है कि राज्य सरकार विरोधी उनकी कई पुरानी टिप्पणियां राजनीति में प्रवेश करने का आधार बनाने के मकसद से की गई थीं। यह बात अपनी जगह सही है कि समय से पहले पद छोड़कर जजों के राजनीति में प्रवेश करने का यह पहला मौका नहीं है।अतीत में कम-से-कम ऐसी दो मिसालें हैं। लेकिन यह बात अवश्य ध्यान में रखनी चाहिए कि तब न्यायपालिका इतने सवालों से घिरी हुई नहीं थी, जितनी आज है। तब के जजों के निर्णयों को उनके व्यक्तिगत विचलन के तौर पर देखा गया था। उनमें से एक जज सत्ताधारी दल के नहीं, बल्कि विपक्ष के उम्मीदवार बने थे।

# भगवान शिव का पर्व है महाशिवरात्रि

महाशिवरात्रि भगवान शिव का त्यौहार है। भारत के सभी प्रदेशो में महाशिव रात्रि का पर्व धूमधाम से मनाया जाता है। भारत के साथ नेपाल, मारिशस सहित



रमेश सर्राफ
धमोरा
झुंझुनू,
राजस्थान

दुनिया के कई अन्य देशों में भी महाशिवरात्रि मनाते है। हर साल फाल्गुन मास में कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को महाशिव रात्रि का व्रत किया जाता है। हिन्दू पुराणों के अनुसार इसी दिन सृष्टि के आरंभ में मध्यरात्रि मे भगवान शिव ब्रह्मा से रुद्र के रूप में प्रकट हुए थे। इसीलिए इस दिन को महाशिवरात्रि कहा जाता है।

शिवरात्रि के प्रसंग को हमारे वेद, पुराणों में बताया गया है कि जब समुद्र मन्थन हो रहा था उस समय समुद्र में चौदह रत्न प्राप्त हुए। उन रत्नों में हलाहल भी था। जिसकी गर्मी से सभी देव दानव त्रस्त होने लगे। तब भगवान शिव ने उसका पान किया। उन्होंने लोक कल्याण की भावना से अपने को उत्सर्ग कर दिया। इसलिए उनको महादेव कहा जाता है। जब हलाहल को उन्होंने अपने कंठ के पास रख लिया तो उसकी गर्मी से कंठ नीला हो गया। तभी से भगवान शिव को नीलकंठ भी कहते हैं। शिव का अर्थ कल्याण होता है। जब संसार में पापियों की संख्या बढ़ जाती है तो शिव उनका संहार कर लोगों की रक्षा करते हैं। इसीलिए उन्हें शिव कहा जाता है।

योगिक परम्परा में इस दिन और रात को इतना महत्व इसलिए दिया जाता है क्योंकि यह आध्यात्मिक साधक के लिए जबर्दस्त संभावनाएं प्रस्तुत करते हैं। आधुनिक विज्ञान कई चरणों से गुजरने के बाद आज उस बिंदु पर पहुंच गया है। जहां वह प्रमाणित करता है कि हर वह चीज जिसे आप जीवन के रूप में जानते हैं। पदार्थ और अस्तित्व के रूप में जानते हैं। जिसे आप ब्रह्मांड और आकाशगंगाओं के रूप में जानते हैं। वह सिर्फ एक ही ऊर्जा है। जो लाखों रूपों में खुद को अभिव्यक्त करती है।

माना जाता है की इस दिन भगवान शंकर और माता पार्वती का विवाह हुआ था। इस दिन लोग व्रत रखते हैं और भगवान शिव की पूजा करते है। महाशिवरात्रि का व्रत रखना सबसे आसान माना जाता है। इसलिये बच्चों से लेकर बूढ़ो तक सभी इस दिन व्रत रखते हैं। महाशिवरात्रि के व्रत रखने वालों के लिये अन्न खाना मना होता है। इसलिये उस दिन फलाहार किया जाता है। राजस्थान में व्रत के समय गाजर, बेर का सीजन होने से गांवों में लोगों द्वारा गाजर, बेर का फलाहार किया जाता है। लोग मन्दिरों में भगवान शिव की पूजा करते हैं व उन्हे आक, धतूरा चढ़ाते हैं। भगवान शिव को विशेष रूप से भांग का प्रसाद लगता है। इस कारण इस दिन काफी जगह शिवभक्त भांग घोट कर पीते हैं।

पुराणों में कहा जाता है कि एक समय शिव पार्वती जी कैलाश पर्वत पर बैठे थी। उसी समय पार्वती ने प्रश्न किया कि इस तरह का कोई व्रत है जिसके करने से मनुष्य आपके धाम को प्राप्त कर सके ? तब उन्होंने यह कथा सुनाई थी कि प्रत्यना नामक देश में एक व्यक्ति रहता था, जो जीवों को बेचकर अपना भरण पोषण करता था। उसने सेठ से धन उधार ले रखा था। समय पर कर्ज न चुकाने के कारण सेठ ने उसको



शिवमठ में बन्द कर दिया।

संयोग से उस दिन फाल्गुन बदी चतुर्दशी थी। वहां रातभर कथा, पूजा होती रही जिसे उसने भी सुना। अगले दिन शिघ्र कर्ज चुकाने की शर्त पर उसे छोड़ा गया। उसने सोचा रात को नदी के किनारे बैठना चाहिये। वहां जरूर कोई न कोई जानवर पानी पीने आयेगा। अतः उसने पास के बील वृक्ष पर बैठने का स्थान बना लिया। उस बील के नीचे एक शिवलिंग था। जब वह पेड़ पर अपने छिपने का स्थान बना रहा था उस समय बील के पत्तों को तोडकर फेंकता जाता था जो शिवलिंग पर ही गिरते थे। वह दो दिन का भूखा था। इस तरह से वह अनजाने में ही शिवरात्रि का व्रत कर ही चुका था। साथ ही शिवलिंग पर बेल-पत्र भी अपने आप चढ़ते गये।

एक पहर रात्रि बीतने पर एक गर्भवती हिरणी पानी पीने आई। उस व्याध ने तीर को धनुष पर चढ़ाया किन्तु हिरणी की कातर वाणी सुनकर उसे इस शर्त पर जाने दिया कि सुबह होने पर वह स्वयं आयेगी। दूसरे पहर में दूसरी हिरणी आई। उसे भी छोड़ दिया। तीसरे पहर भी एक हिरणी आई उसे भी उसने छोड़ दिया और सभी ने यही कहा कि सुबह होने पर मैं आपके पास आऊंगी। चौथे पहर एक हिरण आया। उसने अपनी सारी कथा कह सुनाई कि वे तीनों हिरणियां मेरी स्त्री थी। वे सभी मुझसे मिलने को छटपटा रही थी। इस पर उसको भी छोड़ दिया तथा कुछ और भी बेल-पत्र नीचे गिराये। इससे उसका हृदय बिल्कुल पवित्र, निर्मल तथा कोमल हो गया।

प्रातः होने पर वह बेल-पत्र से नीचे उतरा। नीचे उतरने से और भी बेल पत्र शिवलिंग पर चढ़ गये। अतः शिवजी ने प्रसन्न होकर उसके हृदय को इतना कोमल बना दिया कि अपने पुराने पापों को याद करके वह पछताने लगा और जानवरों का वध करने से उसे घृणा हो गई। सुबह वे सभी हिरणियां और हिरण आये। उनके सत्य वचन पालन करने को देखकर उसका हृदय दुग्ध सा धवल हो गया और वह फूट-फूट कर रोने लगा।

योगियों और संन्यासियों के लिए यह वह दिन है जब शिव कैलाश पर्वत के साथ एकाकार हो गए थे। योगिक परम्परा में शिव को ईश्वर के रूप में नहीं पूजा जाता है। बल्कि उन्हें प्रथम गुरु, आदि गुरु माना जाता है। जो योग विज्ञान के जन्मदाता थे। कई सदियों तक ध्यान करने के बाद शिव एक दिन वह पूरी तरह स्थिर हो गए। उनके भीतर की सारी हलचल रुक गई और वह पूरी तरह स्थिर हो गए। वह दिन महाशिवरात्रि था। इसलिए संन्यासी महाशिवरात्रि को स्थिरता की रात के रूप में देखते हैं।

महाशिवरात्रि आध्यात्मिक रूप से सबसे महत्वपूर्ण है। इस रात धरती के उत्तरी गोलार्ध की स्थिति ऐसी होती है कि इंसान के शरीर में ऊर्जा कुदरती रूप से ऊपर की ओर बढ़ती है। इस दिन प्रकृति इंसान को अपने आध्यात्मिक चरम पर पहुंचने के लिए प्रेरित करती है। गृहस्थ जीवन में रहने वाले लोग महाशिवरात्रि को शिव की विवाह वर्षगांठ के रूप में मनाते हैं। सांसारिक महत्वाकांक्षाएं रखने वाले लोग इस दिन को शिव की दुश्मनों पर विजय के रूप में देखते हैं।

महाशिवरात्रि का पर्व हमारे जीवन में ईश्वरीय शक्ति के महत्व को दिखलाता है। हमें भगवान शिव के द्वारा मानव जाति तथा सृष्टि के कल्याण के लिए विषपान जैसे असीम त्याग को प्रदर्शित करता है। यह दिन हमें इस बात की याद दिलाता है कि यदि हम अच्छे कर्म करेंगे और ईश्वर के प्रति श्रद्धा रखेंगे तो ईश्वर भी हमारी रक्षा अवश्य केरेंगे। लोगों का मानना है कि महाशिवरात्रि के दिन भगवान शिव हमारे निकट होते हैं और इस दिन पूजा अर्चना तथा रात्रि जागरण करने वालों को उनकी विशेष कृपा प्राप्त होती है। कई लोग इस दिन दान धर्म करते है तथा गरीबों को खाना खिलाकर भगवान शिवजी से अपनी सुखी जीवन के लिए प्राथना करते है।

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## मेरे शिव तो सदा से ही भोले है

मेरे शिव तो सदा से ही भोले है
भस्म विभूति जो धारण किये है
भक्तो के कष्ट सदा दूर किये है
ऊ नमः शिवाय हर मुख बोले है
मेरे शिव तो सदा से ही भोले है
पार्वती के आधे अंग बनकर
अर्धांगिनी स्वरूप भी गढ़कर
शिव भक्ति के लगाये हींडोले है
मेरे शिव तो सदा से ही भोले है
शिव शिव शिव बसे हर जीव
इस चराचर के सभी सजीव
मस्ती मे बम-बम-बम बोले है
मेरे शिव तो सदा से ही भोले है
शिव व जीव मे प्राकृतिक भेद है
दोनों अध्यात्मिक रूप अभेद है
शिव और जीव के भेद खोले है
मेरे शिव तो सदा से ही भोले है
इस रात्रि को हम महान बना ले
इसकी महिमा हम सब जान ले
महाशिवरात्रि की महिमा बोले है
मेरे शिव तो सदा से ही भोले है



प्रमेशदीप
मानिकपुरी
आमाचानी
धमतरी
छत्तीसगढ़

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

# नारी स्वाभिमान या अभिमान ?

दोस्तों, आज के समय में एक हॉट टॉपिक है नारी सशक्तिकरण! सशक्त होना तो अच्छा है, और नारी सदैव सशक्त रही है। आखिर हम उस देश की संतानें हैं जहाँ गार्गी, अपाला, मैत्रेयी से लेकर रानी पद्मिनी, अहिल्याबाई, और लक्ष्मीबाई आदि नाम इतिहास के पन्नों में स्वर्णाक्षरों में अंकित हैं। खैर, ये तो हुई इतिहास की बात, आज की नारी ज़रा अलग मायनों में सशक्त है, यहाँ मैं यह बता दूँ, कि सब एक से नहीं होते, परन्तु बहुतायत में यह देखा जा रहा है, और जैसा कि हर चीज़ की एक कीमत होती है, तो आज के ज़माने में भी यह देखा जा सकता है। पहले के समय में संयम और अनुशासन था, आज की लड़कियां वैसी नहीं रहीं, वे बदल रही हैं, वे सशक्त हो रही हैं! सशक्त तो पिछली पीढियां भी थीं, हर पीढ़ी पिछली से अधिक स्वच्छंद और सशक्त। लेकिन हर कहानी के दो भाग होते हैं और हर सिक्के के दो पहलू। मेरी नजर में गांव की वो महिलाएं जो सिर पर घड़े की कतारें लेकर पानी भरती हैं, वो भी सशक्त हैं, और हाथों में लैपटॉप लिए जो महिलाएं बड़े-बड़े ऑफिसों के बड़े-बड़े पदों पर आसीन हैं वे भी सशक्त हैं। आज हम पाश्चात्यीकरण की अंधी दौड़ में बेतहाशा भाग रहे हैं, परिणामों के विषय में मनन किये बगैर, बस दौड़ते जा रहे हैं। आज जो सबसे बड़ी चीज विदेश से हमने सीख ली है वह है मेरा जीवन मेरे उसूल! हर परिदृश्य में, हर परिस्थिति में यह सही नहीं ठहराया जा सकता, क्या हम जीवन मेरा है तथा इस पर मेरा अधिकार है कहते हुए पूर्णता उद्दंड होने की स्वतंत्रता पा जाते हैं? दोस्तों स्वतंत्रता सदैव उत्तरदायित्व अपने साथ लेकर आती है तो यदि हम स्वतंत्र होते हैं तो हमें उत्तरदायित्व भी निभाने के लिए तैयार रहना होगा। कोई भी आजादी जिम्मेदारी के बिना अधूरी है । मैंने देखा है भारतीय संस्कृति में लिपटी महिलाओं को बड़ी-बड़ी मल्टीनेशनल कंपनी के सर्वोच्च पद पर आसीन होते हुए! बड़ी-बड़ी वैज्ञानिक महिलाएं साड़ी पहनकर, चूड़ी बिंदी सिंदूर से सुसज्जित होकर चंद्रमा तक पहुंच गयीं,और हम पाश्चात्य संस्कृति के रंगों में इतना रंगे हुए हैं कि हमने यह मान लिया की कोट पैंट पहनकर ही महिला आधुनिक हो सकती है । आधुनिक होने का तात्पर्य क्या है ? आधुनिक यानी समय के साथ चलने वाला व्यक्ति! कम कपड़े, फटे चीथड़े कपड़े आधुनिकता का पर्याय कैसे बन गए? हम यह क्यों भूलते हैं कि यह वही देश है जहां रानियां राज सिंहासन पर राजा के साथ बैठकर राजकाज के निर्णय में बराबर की भागीदार होती थीं, हमारे देश में महिलाओं ने शास्त्रार्थ करके बड़े-बड़े ज्ञानियों को अपने ज्ञान के दम पर हराया! आज जब हम देखते हैं महिलाओं में, ख़ास कर युवा पीढ़ी में, शराब सिगरेट और गालियां आम बात हो गई हैं तो हम यह सोचने पर मजबूर हो जाते हैं कि हमारा समाज किस दिशा में जा रहा है? हम यह क्यों भूल जाते हैं कि हमारा देश इस बात का भी गवाह है कि गर्भ संस्कार होते हैं, अभिमन्यु ने अपनी मां के गर्भ में ज्ञान अर्जन किया ! और आज के परिदृश्य में जब हम देखते हैं कि गर्भधारण करने के बाद महिलाओं का आचरण अत्यधिक उद्दंड तथा स्वच्छंद है तो हम भावी पीढ़ी से क्या अपेक्षा रख सकेंगे! यहां मैंने हर एक महिला की बात नहीं की पर बहुतायात में ऐसा देखा जा रहा है । महिलाएं बहुत देर उम्र में शादी करती हैं और उसके बहुत सालों बाद अपनी ज़िन्दगी जी लेने के बाद परिवार आगे बढ़ाने का निर्णय लेती हैं, वैसे स्थिति में उन्हें बहुत सारी मेडिकल चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, कृत्रिम गर्भाधान आदि के रास्ते पर चलना पड़ता है



। तो क्यों ना हम एक नैसर्गिक प्रक्रिया को प्रोत्साहित करते हुए सही उम्र में शादी और सही उम्र में गर्भधारण करने के संदेश का प्रसार करें ? आज हमने यह मान लिया है कि सशक्त होने का मतलब है शराब सिगरेट फटे चीथड़े कपड़े भद्दी गालियां, और हम अपने आप को बहुत ही कूल समझने लगते हैं । यह कहां तक सही है यह विचार भी आखिर हमें ही करना होगा, हम समाज को किस दिशा में ले जाना चाहते हैं यह भी हमारा ही निर्णय होगा ।

मैं महिलाओं के सशक्त होने के विरुद्ध नहीं हूँ, स्थिति-परिस्थिति तथा स्थान के अनुसार सशक्तिकरण की परिभाषा थोड़ी सी बदल सकती है। परन्तु यह तो तय है कि महिला होना ही अपने आप में एक सशक्तिकरण है। सिर्फ आवश्यकता है उसे पहचानने की, जिस प्रकार हनुमान जी को उनकी शक्तियां याद दिलानी पड़ी थीं, ठीक उसी प्रकार महिलाओं को भी एक चेतना मात्र की आवश्यकता है। अच्छा सोचने वाली बात यह भी है कि क्या सशक्तिकरण का मतलब पुरुषों पर अधिकार स्थापित करना है? या जैसा कि हमने हाल के समय में अनेक घटनाओं में देखा पुरुषों पर हाथ उठाने की प्रवृत्ति, दहेज़ आदि के झूठे आरोप लगा कर संपत्ति में हिस्सा, मासिक भरणपोषण हेतु भत्ता, क्या इसे सशक्तिकरण कहा जाए? तो मुझे लगता है बिल्कुल नहीं! सशक्त महिला वह है जो एक अष्टभुजा देवी के स्वरूप में ढल कर घर बाहर की सारी जिम्मेदारियों का निर्वहन भली प्रकार करती है। वह महिला सशक्त है जो न सिर्फ स्वयं के अधिकारों को समझती है बल्कि दूसरी महिलाओं को भी उनके अधिकारों के प्रति सचेत करती है, जागरूक करती है। एक सशक्त महिला ना सिर्फ स्वयं सशक्त होती है बल्कि समाज के दूसरे प्राणियों को भी सशक्त बनने में सहयोग करती है। नारी सशक्तिकरण के नारे बुलंद करके झूठा शक्ति प्रदर्शन करना, आचरण में भौंडापन, या अपशब्दों तथा गाली-गलौज का प्रयोग करके खुद को बहुत कूल दिखाना कतई सशक्तिकरण नहीं है। यदि हम इतिहास के पन्ने पलटना शुरू करें तो हम देखेंगे कि हमारे राष्ट्र में महिलाएं बेहद सशक्त थीं। चाहे वह रानी पद्मिनी रही हों या हिडिंबा, या वह माता सीता ही क्यों न रही हों या फिर गार्गी, जोधाबाई, द्रौपदी, अपाला या रानी लक्ष्मीबाई! यह सभी अलग-अलग समय पर अलग-अलग मायनों में अलग-अलग क्षेत्रों में नारी सशक्तिकरण के जीवंत उदाहरण रही हैं। परंतु इन सभी के आचरण के विषय में किसी भी प्रकार की कोई अनर्गल बात नहीं कही जा सकती। इतने समृद्ध इतिहास की धरोहर का उत्तराधिकारी होते हुए भी आज क्यों हमारा समाज इस स्थिति में आ पहुंचा है? क्या यह अत्यधिक पाश्चात्यीकरण का परिणाम है? वजह क्या है और क्यों है, इसका महिलाओं को स्वयं आत्ममंथन करना होगा, ताकि एक माँ के रूप में वे अपने बेटे-बेटियों को यह विरासत बिल्कुल ना सौंपे। हम ऐसे समाज का सृजन बिल्कुल नहीं करना चाहेंगे जिसमें इस तरह की बातों को बढ़ावा दिया जाए, और ऐसी घटनाएं जो आज गिने चुने मौकों पर दिखाई देती हैं, वह आए दिन घटित होने वाली घटनाओं में शुमार हो जाएं। मेरा मानना है कि प्रत्येक महिला को यह जिम्मेदारी एक चुनौती समझकर स्वीकार करनी होगी, और अपने बच्चों को ऐसी बातों के विषय में समझाना होगा। उनसे इन विषयों पर चर्चा करनी होगी और उन्हें यह समझाना होगा कि यह गलत है। जब हम स्त्री और पुरुष की बराबरी की बात करते हैं उसका अर्थ यह तो कतई नहीं है। बराबरी का अर्थ एक जैसे अवसर प्रदान करना है। वह अवसर शिक्षा के होंगे, कैरियर के होंगे, स्वास्थ्य की देखभाल के होंगे, स्वयं को वक़्त देने के होंगे। घर बाहर की जिम्मेदारियों में हाथ बंटाने के विषय में भी बराबरी रखनी होगी। परंतु बराबरी रखने का यह अर्थ ना निकाला जाए कि स्त्री पुरुष पर इस प्रकार से बल प्रयोग करने के लिए स्वतंत्र हो। यदि हम ऐसा समाज नहीं देखना चाहते हैं जहां स्त्री उत्पीड़न का शिकार होती है, तो बेशक हम ऐसा समाज भी नहीं देखना चाहते जहां पुरुष उत्पीड़न का शिकार होते हों। हमारा समाज सही मायनों में तभी स्त्री और पुरुष की बराबरी से परिपूर्ण होगा। हम अपने बच्चों के लिए एक सुलझी मानसिकता वाले समाज का सृजन करें, जहां कोई किसी से कमतर न हो, आपसी सामंजस्य हो, मानसिकता सुलझी तथा वृहद हो, ताकि हमारे बच्चे खुशहाली से जीवन यापन कर सकें। सृष्टि के रचयिता ने नवजीवन की रचना करने की क्षमता सिर्फ महिलाओं को दी है, पुरुषों को नहीं, तो जब महिलाओं को यह क्षमता दी गई है तो इसका बहुत विचार के साथ सम्मान करना होगा तथा एक जिम्मेदारी की तरह एक धरोहर स्वरूप में अगली पीढ़ी को भी यह सम्मान करने की भावना सौंपना होगा । और आज यहां इस आलेख को लिखने के पीछे मेरा उद्देश्य मात्र इतना ही है कि यदि मेरी बातों से किन्हीं दो-चार लोगों की भी मानसिकता में परिवर्तन आता है तो मेरा उद्देश्य सफल हो जाएगा।



प्रियंका
अग्निहोत्री
काशी,
वाराणसी
उत्तरप्रदेश

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## गौरी संग शिव



गांव, गली और आंगन सारे,
मुस्काते-से लगते हैं,
बाट जोहते थे भोले की,
गौरी संग शिव आते हैं।
गांव,गली और ...
शिव गौरी के आकर्षण नें,
सबका मन फिर मोह लिया,
बंधें बंधनों में गौरी शिव,
मन का मनका जोड़ लिया।
गांव,गली और ....
कभी गौरी की पायल झनके,
कभी भोले के मनके,
गौरी के माथे का बेंदा,
शिव के चन्द्र-सा चमके।
गांव, गली और ....
कमर कंधौरा गौरी बांधे,
केश में मोगर महके,
भोले कंठ में नाग लपेटे,
पल-पल में जो बहके।
गांव, गली और ....
मिले गौरी-शिव का आशीष,
धर दें चरणों में हम शीश,
जीवन की बगिया में गूंजे,
प्रेम-भाव का हर संगीत।
गांव, गली और ....



कार्तिकेय कुमार
त्रिपाठी राम
सी स्पेशल
गांधीनगर, इन्दौर

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## नारी शक्ति वंदन



हर युग में नारी ने,
अपना कर्तव्य निभाया हैं!
नारी जग में महान हैं,
ऊंची उसकी शान हैं!
नारी लक्ष्मी,दुर्गा,काली,
सरस्वती का रूप हैं!
नारी देवी का रूप हैं,
नारी के अनेक रूप हैं!
नारी खुशियों का संसार हैं,
नारी दुनियां की पहचान हैं!
नारी घर को रोशन करती हैं,
परिवार की जिम्मेदारी निभाती हैं!
घर के चहारदीवारी से लेकर,
अंतरिक्ष तक काम करती हैं!
नारी हर क्षेत्र में आगे बढ़ती हैं,
हर समस्या का समाधान करती हैं!
नारी मां,बहन,पत्नी,बेटी हैं,
दो परिवारों का मान रखती हैं!
नारी के बिना जीवन अधूरा हैं,
नारी का हमेशा सम्मान करना हैं!
नारी वीरता की प्रतिमूर्ति हैं,
नारी में सहन शक्ति अपार हैं!
नारी ममता का रूप हैं,
नारी की महिमा अपार हैं!



कृष्णा चौहान
अमेरी,तह.-
बरमकेला
सारंगढ़-बिलाईगढ़
छत्तीसगढ़

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

# मधु चारणः जिसने जीती हजारों अविवाहित महिलाओं के हक में जंग

राजस्थान के एक सुदूर रेगिस्तानी गांव की बेटी महिला सशक्तीकरण का प्रतीक बन गई है। उसने अविवाहित महिलाओं के साथ सरकारी स्तर पर किए जा रहे भेदभाव के खिलाफ लंबी कानूनी लड़ाई लड़ी और आखिरकार उसमें जीत हासिल करके महिलाओं को उनका अधिकार दिलाने में सफलता हासिल कर ली है।

यह कहानी है राजस्थान के बालोतरा जिले के गूगड़ी गांव की निवासी 26 वर्षीय मधु चारण की। एक गरीब मजदूर पिता की बेटी मधु के संघर्ष की बदौलत राज्य की हजारों अविवाहित महिलाओं को आंगनबाड़ी केन्द्रों में कार्यकर्ता और सहायिका बनने का अधिकार मिल सका है। हाल में राज्य की उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने इस आशय के आदेश पर हस्ताक्षर कर दिए हैं। दरअसल, कई दशकों से राजस्थान में अविवाहित महिलाओं को आंगनबाड़ी केन्द्रों में कार्यकर्ता और सहायिका बनने से वंचित किया जा रहा था। महिला एवं बाल विकास विभाग ने इन पदों के लिए आवेदन कर्ता महिलाओं के विवाहित होना जरूरी होने की शर्त जरूरी कर रखी थी।

यह शर्त सीधे तौर पर अन्याय था लेकिन कोई महिला इसके खिलाफ आवाज नहीं उठा रही थी। कहते हैं, कभी न कभी तो अन्याय का प्रतिकार होना ही होता है। महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से वर्ष 2019 में गूगड़ी गांव में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के पद के लिए आवेदन मांगे गए। मधु अपना आवेदन लेकर विभाग के कार्यालय में गई लेकिन उसका आवेदन पत्र लेने से यह कहकर इनकार कर दिया कि उसकी तो अभी शादी नहीं हुई है। विभाग के अधिकारियों की बात सुनकर मधु हैरान रह गई। उसने प्रश्न किया कि जब वह आयु, शैक्षणिक योग्यता समेत तमाम शर्तों पर खरा उतर रही है तो उसके अविवाहित होने का सवाल क्यों? अधिकारियों ने उसे राज्य सरकार की शर्त होना बताकर वापस भेज दिया।

मधु घर लौट आई लेकिन लगातार सोचती रही। बार-बार यही ख्याल आ रहा था कि ऐसे तो पूरे राज्य में हजारों महिलाओं को सिर्फ इसलिए काम करने से वंचित किया जा रहा है क्योंकि वह अभी अविवाहत हैं। उसने इस बारे में जितना सोचा, उतना ही परेशान होती चली गई। आखिरकार, उसने इस अन्याय के खिलाफ लड़ने की ठान ली। अगले दिन उसने पिता मूलदान चारण को अपना इरादा बताया। पिता ने उसकी लड़ाई में साथ देने की हामी भर दी तो मधु का हौसला दोगुना हो गया। उसने तत्काल एक तरफ तो अपना आवेदन पत्र डाक के जरिए महिला एवं बाल विकास विभाग कार्यालय



में भेजा, दूसरी ओर महिलाओं के खिलाफ अन्याय के खिलाफ राजस्थान उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटा दिया। न्यायालय ने उसकी याचिका पर राज्य सरकार से जवाब तलब कर लिया। मुकदमा शुरू हो गया। मधु ने करीब पांच साल तक कोर्ट में तारीखें भुगतीं। अंततः 4 सितंबर 2023 को वह दिन आ ही गया, जब हाई कोर्ट ने मधु के हक में फैसला सुनाया। हाई कोर्ट ने इस फैसले में महिलाओं के विवाहित होने की शर्त को अविवाहित महिला उम्मीदवारों के लिए अतार्किक और उनके अधिकारों का उल्लंघन बताते हुए गैरकानूनी और असंवैधानिक करार दे दिया

हालांकि सरकार की ओर से हाई कोर्ट में यह तर्क दिया गया कि अविवाहित लड़की को आंगनबाड़ी केन्द्र में नियुक्त कर दिया जाए तो विवाह के बाद वह कहीं और चली जाएगी जिससे आंगनबाड़ी केंद्र का काम बाधित हो जाएगा लेकिन कोर्ट ने इस तर्क को नहीं माना। हाई कोर्ट ने कड़ी टिप्पणी करते हुए कहा कि राजस्थान सरकार ने अविवाहित महिला और विवाहित महिला के बीच भेदभाव का नया अध्याय शुरू किया है. जो अवैध और मनमाना है। सार्वजनिक रोजगार के लिए अविवाहित उम्मीदवार होने मात्र से उसे अपात्र मानना अतार्किक है। यह भेदभावपूर्ण है और संविधान के दिए मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करने की श्रेणी में आता है।

हाई कोर्ट का यह फैसला न केवल व्यक्तिगत रूप से मधु के लिए बल्कि राज्य की हजारों महिलाओं के लिए नई सुबह लेकर आया। हालांकि महिला एवं बाल विकास विभाग कई महीनों तक इस उहापोह में रहा कि वह हाई कोर्ट का फैसला माने अथवा फैसले के खिलाफ अपील करे लेकिन आखिरकार एक सप्ताह पहले 28 फरवरी 2024 को उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने राज्य में अविवाहित महिलाओं को आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका बनने के नियम एवं चयन शर्तों में संशोधन को मंजूरी दे दी। इस पर चयन शर्तों में संशोधन कर दिया गया है, जिससे आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका के पदों के लिए आवेदन करने के लिए सभी महिलाएं पात्र हो गई हैं। इसका श्रेय पूरी तरह मधु को है, जिसने महिलाओं के हक में न सिर्फ यह लड़ाई लड़ी बल्कि जीत भी ली है। मधु की जीत से महिलाओं को अन्याय का प्रतिकार करने की प्रेरणा मिली है।



-अमरपाल सिंह वर्मा-

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।

# सरकारी स्कूल में छत्तीसगढ़ के दो पूर्व मुख्यमंत्री दीवारों पर और देश की यशस्वी प्रधानमंत्री फर्श पर

## विकासखण्ड में शिक्षा व्यवस्था हुई चौपट

## बच्चों का भविष्य अंधकारमय विभाग के आला अधिकारियों ने मूंदी आंखे





- मनोज कुमार -
लखनपुर,07 मार्च 2024
(घटती-घटना)।

लखनपुर विकासखंड में शिक्षा व्यवस्था पूरी तरीके से चौपट हो गई है। विकासखंड में शिक्षा विभाग से कई मामलो को लेकर आए दिन सुर्खियों में रहता है। चाहे वह गणतंत्र दिवस पर स्कूल में तिरंगा नही फहराने का हो,बच्चों से मजदूरी कराने,स्कूलों में शिक्षकों के अनुपस्थित रहने, स्कूल के बच्चों से टेबल बेंच उतरवाने को लेकर अनेकों मामले सामने आते रहते हैं। परंतु अधिकारियों के द्वारा विकासखंड में शिक्षा व्यवस्था कैसे बेहतर हो इसे लेकर कोई सार्थक कदम नहीं उठाया गया है। और खबरों के प्रकाशित होने पर नोटिस जारी कर कार्रवाई के नाम पर खानापूर्ति कर दिया जाता है। कुछ ऐसा ही मामला पहुंचविहीन ग्राम के सरकारी स्कूल में देखने को मिला जहां कई कई दिन तक शिक्षक नदारत रहते हैं। स्कूल में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तस्वीर फर्श पर और छत्तीसगढ़ के दोनों पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह और भूपेश बघेल की तस्वीर दीवारों पर नजर आई। आज भी स्कूल के बच्चे रमन सिंह और भूपेश बघेल को



छत्तीसगढ़ का मुख्यमंत्री समझते हैं। जबकि वर्तमान में छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णु देवसाय हैं। लखनपुर विकासखंड के पहुंचविहीन ग्राम घाटोन आ.जा.शा. प्राथमिक शाला के बच्चों का भविष्य अंधकारमय है। लगातार शिक्षक के नदारत रहने पर बेहतर शिक्षा से बच्चे वंचित हैं। विभाग के आला अधिकारियों के द्वारा इस ओर अब तक ध्यान नहीं दिया गया। वहीं निरीक्षण करने के लिए संकुल समन्वयक नियुक्त किए जाते हैं। ताकि प्रतिदिन वह स्कूलों का निरीक्षण कर वस्तु स्थिति से खंड शिक्षा कार्यालय को अवगत कराए। परंतु संकुल समन्वयक और खंड शिक्षा अधिकारी के निरीक्षक को लेकर सवाल खड़े होने लगे हैं। ग्रामीणों की शिकायत पर जिला शिक्षा अधिकारी संजय गुहे के निर्देश पर लखनपुर खंड शिक्षा अधिकारी प्रदीप राय के मार्गदर्शन में सहायक खंड शिक्षा अधिकारी मनोज तिवारी 4 किलोमीटर पहाड़ चढ़कर पहुंच विहीन ग्राम घटोन के प्राथमिक शाला पहुंचे। जहां शिक्षक नदारत मिले शिक्षक के नदारत मिलने पर कारण बताओं नोटिस जारी तो कर दिया गया है। परंतु वहां की व्यवस्थाएं दुरुस्त नहीं हो पाई है। जिसे लेकर ग्रामीणों में काफी आक्रोस है।वही स्कूल खोलने और बंद करने को लेकर सहायक खंड शिक्षा अधिकारी ने गांव के ही एक युवक को?3000 माह में नियुक्त किया है जिससे प्रतिदिन स्कूल खुल सके। परंतु स्कूल खोलने और बंद करने के लिए गांव के ही युवक का व्यवस्था तो विभाग के द्वारा किया गया। परंतु बच्चों की पढ़ाई के लेकर अब तक किसी शिक्षक को अटैच नहीं किया गया है। जो कई सवालों को जन्म देता है। कहीं ना कहीं ब्लॉक मुख्यालय के अधिकारी के लापरवाही के कारण बच्चे बेहतर शिक्षा से वंचित है। अब देखने वाली बात होगी कि विभाग बच्चों को शिक्षा व्यवस्था देने के लिए क्या कदम उठाती है। या फिर अब तक जिस स्थिति में स्कूल का संचालन हो रहा है यह स्थिति बनी रहती है। छत्तीसगढ़ राज्य में सरकार किसी भी पार्टी की हो सरकारी स्कूलों में बच्चों को बेहतर शिक्षा मिल सकें इसे लेकर आने को योजना चलाकर करोड़ों रुपए खर्च की जाती है। परंतु धरातल पर अधिकारियों के द्वारा सरकार के इस मनसा को पलीता लगाने का कार्य किया जा रहा है। सरकार के द्वारा सरकारी स्कूलों के बच्चों के भविष्य गढ़ने का प्रयास लगातर किया जा रहा है। और अनेकों योजना चलाकर करोड रुपए खर्च किया जा रहा।

### क्या विभाग के अधिकारियों और शिक्षकों को मिला हुआ है राजनीतिक संरक्षण

शिक्षा विभाग के अधिकारियों और शिक्षकों को राजनीतिक संरक्षण प्राप्त होने के कारण ही इन पर कार्यवाही नहीं हो पाती है। वहीं विकासखंड में कई ऐसे शिक्षक हैं जो मनमानी तरीके से स्कूल आते-जाते हैं और स्कूलों से अनुपस्थित भी रहते हैं। वहीं विभाग के अधिकारी इन शिक्षकों पर कार्यवाही करने से भी कतराते हैं। अगर कहा जाए तो विकासखंड में कई स्कूल ऐसे हैं जहां के शिक्षकों के द्वारा विभाग के अधिकारियों से सेटिंग कर लिया जाता है और स्कूल में हमेशा अनुपस्थित रहते हैं।

विभाग के अधिकारियों के लापरवाही व अनदेखी के कारण सरकारी स्कूल के बच्चे बेहतर शिक्षा से वंचित हैं। यही नहीं इन अधिकारियों को राजनीतिक संरक्षण प्राप्त है। कार्यवाही के अभाव में अधिकारी मनमानी ढंग से कार्य कर रहे है।

इस संबंध में लखनपुर सहायक खंड शिक्षा अधिकारी मनोज तिवारी ने बताया कि जिला शिक्षा अधिकारी के निर्देश पर निरीक्षण करने वहां गए हुए थे। शिक्षा व्यवस्था पूरे तरीके से चौपट है। स्कूल के बच्चों की दयनीय स्थित है और शिक्षक आए दिन नदारत रहते हैं। नोटिस जारी कर तीन दिवस के भीतर जवाब मांगा गया है संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर अग्रिम कार्रवाई हेतु जिला शिक्षा अधिकारी को पत्र भेजा जायेगा। साथी उनके द्वारा बताया गया की एकल शिक्षक विद्यालय है अन्य शिक्षकों के अटैक के लिए जिला शिक्षा अधिकारी को पत्र लिखा जायेगा। और संकुल समन्वयक में को शिक्षक व्यवस्था करने निर्देशित किया गया है।प्रधानमंत्री जी का फोटो दीवारों पर लगा हुआ था बच्चों के द्वारा उसे गिरा दिया गया होगा। पहुंचविहीन क्षेत्र होने के कारण संकुल समन्वयक को प्रति माह तीन बार स्कूल का निरीक्षण करना चाहिए था। निरीक्षण नहीं करने पर यह स्थिति निर्मित हुई है।

सहायक खंड शिक्षा अधिकारी
मनोज तिवारी

### खंड शिक्षा अधिकारी के द्वारा स्कूलों का लगातार किया जा रहा निरीक्षण व्यवस्थाओं में नहीं हो पा रही सुधार

लखनपुर खंड शिक्षा अधिकारी प्रदीप राय के द्वारा विकासखंड में संचालित प्राथमिक और माध्यमिक शालाओं का औचक निरीक्षण करते हुए स्कूलों में बच्चों का शिक्षकों की उपस्थिति को लेकर जोर दिया जा रहा है। और साथ ही बच्चों को बेहतर मध्यान भोजन मिल सके इसे लेकर प्रधान पाठकों को निर्देशित किया जा रहा है। परंतु आज भी कहीं ऐसे स्कूल है जहां शिक्षक अनुपस्थित रहते हैं। और कई शिक्षक मनमर्जी मुताबिक स्कूल आते हैं। खंड शिक्षा अधिकारी के द्वारा नोटिस जारी कर कार्यवाही की जाती है। परंतु शिक्षा व्यवस्था को लेकर अब तक को सुधार नहीं नही दिख रहा है। विकासखंड के सरकारी स्कूलों में बच्चों को कैसे बेहतर शिक्षा मिल सके इसके लिए अब तक विभाग की ओर से कोई सार्थक कदम नहीं उठाया गया।

## लुटेरों ने बुज़ुर्ग दंपति पर किया जानलेवा हमला

### पति की मौत के बाद रुपए लेकर हुए फरार

- संवाददाता -
सीतापुर,07 मार्च 2024
(घटती-घटना)।

ग्राम गेरसा चेचडांड़ में बुधवार की रात को लूट की नीयत से अज्ञात लुटेरों ने घर में सो रहे बुजुर्ग दंपति पर हमला कर दिया। हमले में बुजुर्ग की मौके पर ही मौत हो गई जबकि उसकी पत्नी की स्थिति गंभीर है। घटना को अंजाम देने के बाद लुटेरों ने घर में रखा लगभग 4 लाख रुपये लेकर फरार हो गए।



जानकारी के अनुसार सीतापुर थाना क्षेत्र के ग्राम गेरसा चेचडांड़ निवासी 70 वर्षीय किशुन राम व इसकी पत्नी 65 वर्षीय सुकवारो बाई बुधवार की रात को घर में सो रहे थे। देर रात को इनके घर में अज्ञात लुटेरों घुसकर सो रहे दंपति पर ईंट से सिर पर जानलेवा हमला कर दिया। इससे पति की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं पत्नी गंभीर रूप से जख्मी हो गई। इस दौरान लुटेरों ने घर में रखे करीब 4 लाख रूपय लेकर फरार हो गए। साल भर पूर्व हाथी के हमले में मृतक के बेटे राजेश की मौत हो गई थी। वन विभाग द्वारा वृद्ध दंपत्ति को मुआवजा राशि 5 लाख 75 हजार रुपए दिया गया था। जिसे बैंक से निकालकर कर सारा पैसा किशुन अपने घर में रखा था। इस वारदात के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। इस संबंध में एसडीओपी राजेंद्र मंडावी ने बताया कि लूट की नीयत से घटना को अंजाम दिया गया है। इस घटना में जानकर लोगों के शामिल होने की शंका है। जिसके आधार पर जांच पड़ताल की जा रही है। दंपति शराब पीने के आदि थे। यह अक्सर घर में शराब बनाकर पीते थे और लोगों को पिलाते थे। इस दौरान शराब के नशे में दोनों के बीच अक्सर विवाद भी होता था। कुछ दिन पूर्व शराब के नशे में दोनों के बीच विवाद हुआ था और गुस्से में महिला सारे रुपए लेकर पड़ोसी के यहां चली गई थी। जिसे पड़ोसी द्वारा समझा बुझाकर वापस भेज दिया गया था।

## पुलिस को चकमा देकर फरार गांजा तस्कर गिरफ्तार

- संवाददाता -
अंबिकापुर,07 मार्च 2024 (घटती-घटना)।

7 सितंबर 2023 को पुलिस को चकमा देकर गांजा तस्कर फरार हो गए थे। तस्कर लग्जरी कार से गांजे की तस्करी कर रहे थे। पुलिस ने मौके से कार सहित 85 किलो गांजा जब्त किया था। मामले में फरार चल रहे दूसरे आरोपी को कोतवाली पुलिस ने जशपुर जिले से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दखिल कर दिया है।



पुलिस के अनुसार 7 सितंबर 2023 को कोतवाली पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि दरिमा रोड से शहर की ओर कार से गांजा तस्कर आ रहे हैं। पुलिस दरिमा चौक के पास घेराबंदी कर तस्कर के आने का इंतजार कर रहे थे। वहीं पुलिस की होने की सूचना तस्करों को लग गई थी। इस लिए तस्कर पुलिस को देखते ही वाहन छोडक़र फरार हो गए। पुलिस ने मौके से कार सहित साढ़े 85 किलो गांजा जब्त किया था। इसके बाद से पुलिस तस्करों को गिरफ्तारी में जुटी थी। पूर्व में पुलिस ने एक तस्कर को गिरफ्तार कर जेल दाखिल कर दिया गया था। वहीं दूसरा तस्कर फरार चल रहा था। जिसे कोतवाली पुलिस ने जशपुर जिला के ग्राम जामझोर निवासी राहित यादव को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

## 500 रु. मजदूरी देकर जंगल में कटवाया जा रहा था पेड़,वन विभाग मौके पर पहुंच आरा मशीन किया जप्त





- संवाददाता -
लखनपुर, 07 मार्च 2024
(घटती-घटना)।

लखनपुर वन परीक्षेत्र अंतर्गत रेहमला जंगल में हो रहे पेड़ कटाई के मामले में वन विभाग की टीम ने आरा मशीन जप्त किया है।लकड़ी तस्कर द्वारा मजदूरों को पैसा देकर रेमहला जंगल स्थित स्थित विशालकाय सेमर के पेड़ को आरा मशीन से काटा जा रहा था सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और आरा मशीन जप्त करते हुए पीओआर की कार्रवाई की जा रही है। मजदूर बबलू और नामिक से मिली जानकारी के मुताबिक लकड़ी तस्कर पवन यादव खजुरी निवासी के कहने पर दो मजदुर लखनपुर वन परिक्षेत्र के रेमहला जंगल स्थित सेमर पेड़ को आरा मशीन से काटने का कार्य किया जा रहा था। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और आरा मशीन जप्त करते हुए पी ओ आर की कार्रवाई की जा रही है। गौरतलब है की लकड़ी तस्करों के इतने हौसले बुलंद हो चुके हैं। दिनदहाड़े दिनदहाड़े जंगलों और सड़क किनारे खड़े पेड़ो को आरा मशीनों से कटाई कर रात केअंधेरों में लकड़ी तस्करी की जा रही है। इस पूरी कार्यवाही में सरकल प्रभारी सियाराम वर्मा, अरुण दुबे, रमेश यादव ,अमित लकड़ा सक्रिय रहे।



## पुलिस अभिरक्षा से फरार स्थाइ वारंटी गिरफ्तार

- संवाददाता -
अंबिकापुर,07 मार्च 2024
(घटती-घटना)।

पुलिस को चकमा देकर स्थाई वारंटी बुधवार को न्यायालय परिसर से फरार हो गया था। वहीं पुलिस ने दूसरे दिन उसे गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के अनुसार काफी दिन से फरार चल रहे स्थाई वारंटी भफोली निवासी 21 वर्षीय सुरजन राम को पकडक़र कोतवाली पुलिस द्वारा न्यायालय में पेश किया गया था। इस दौरान न्यायालय परिसर में भिड़भाड़ का फायदा उठाकर पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। इसके बाद पुलिस उसकी तलाशी शुरू कर दी थी। गुरुवार को पुलिस ने आरोपी को प्रतापपुर रोड स्थित वाटर पार्क के पास से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 224 के तहत कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

## आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

- संवाददाता -
अंबिकापुर,07 मार्च 2024
(घटती-घटना)।

आगामी लोकसभा चुनाव 2024 शांतिपूर्ण व निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन पुलिस को ऑर्डिनेशन सेंटर में किया गया। इस दौरान मुख्य रूप से आईजी अंकित गर्ग व सरगुजा एसपी विजय अग्रवाल उपस्थित रहे। कार्यशाला के दौरान इकाई से चुनाव सेल हेतु नामांकित राजपत्रित अधिकारी, कर्मचारियों को भारतीय चुनाव आयोग द्वारा दिए गए निर्देशों के संबंध में रेंज आईजी द्वारा जानकारी दी गई। वहीं एसपी सरगुजा द्वारा प्रजेंटेशन दिया गया। कार्यशाला के दौरान इकाई में उपलब्ध बलों, संसाधनों पर विस्तृत चर्चा की गई। चुनाव के दौरान आने वाले केंद्रीय अर्द्धसैनिक बलों के आवश्यकतानुसार मूलभूत सुविधाएं,व्यवस्था, संसाधनों तथा फोर्स को मतदान केंद्र व मतगणना स्थल पर डेप्लॉयमेंट से संबंधित विभिन्न विषयों में विस्तृत चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश



दिए गए। रेंज के जिला इकाइयों में उपलब्ध बल, छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल व नगर सेना के बलों के बारे में विस्तृत जानकारी लेते हुए आईजी द्वारा निर्देशित किया गया कि चुनाव के साथ-साथ आने वाले होली त्योहार को देखते हुए आप अपने इकाई के पुलिस जवानों को अधिक से अधिक संख्या में एकत्र कर रखें ताकि समयानुसार आकस्मिकता की स्थिति में वीआईपी आगमन, कानून व्यवस्था हेतु उपरोक्त बल को ड्यूटी लगाने में सुगमता हो। लोकसभा चुनाव को दृष्टिगत एवं शांतिपूर्ण माहौल बनाए रखने हेतु समय-समय पर उपरोक्त बल को शहरी एवं ग्रामीण अंचलों में फ्लैग मार्च व निरंतर गस्त व पेट्रोलिंग कराने हेतु निर्देश दिए। लोक सभा चुनाव के दौरान सीमावर्ती सरहदी क्षेत्रों को चिन्हांकित कर चेक पोस्ट बनाने के निर्देश आईजी ने दिए हैं। ताकि पर्याप्त संख्या में बल लगाने व चौकसी बढ़ाकर संदिग्ध गतिविधियों पर सतत निगरानी बनाया जा सके। ताकि किसी भी प्रकार की कोई अवैध वस्तु का परिवहन न हो। वहीं जिलों से लगे सीमावर्ती क्षेत्रों के आदतन गुण्डा-बदमाशों को चिन्हांकित करने तथा अपराधियों एवं स्थायी वारंटियों के धरपकड़ की कार्रवाई के साथ-साथ बाउन्ड ओवर की कार्रवाई करने के निर्देश दिया।

## पोस्टर के माध्यम से विविध क्षेत्रों में महिलाओं की सशक्त उपस्थिति को दर्शाया

- संवाददाता -
अंबिकापुर,07 मार्च 2024
(घटती-घटना)।



राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में अजीम प्रेम जी फाउंडेशन के सहयोग से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पोस्टर प्रदर्शनी से हुई। प्रदर्शनी में विविध क्षेत्रों में महिलाओं की सशक्त उपस्थिति को दर्शाने वाले लगभग 150 पोस्टरों को प्रदर्शित किया गया। महविद्यालय के विद्यार्थियों व प्राध्यापकों द्वारा प्रदर्शनी के अवलोकन के पश्चात चर्चा सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र की शुरुआत करते हुए आमंत्रित वक्ता मुकेश जी उपस्थित विद्यार्थियों से पूछा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस क्यों मनाया जाता है ? बीए प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थी सुनील कुमार ने इस प्रश्न का बहुत खूबसूरती से उत्तर देते हुए 125 साल पहले न्यूयार्क में हुए श्रमिक महिलाओं के आन्दोलन को याद किया तथा क्लारा जेटकिन के योगदान पर प्रकाश डाला। चर्चा को आगे बढ़ाते हुए वक्ता मुकेश ने इस आन्दोलन की तीन प्रमुख मांगों, काम के घंटे निश्चित किये जाने, मताधिकार और कार्यस्थल पर गरिमापूर्ण व्यवहार सुनिश्चित किये जाने की मांग को रेखांकित किया। सेशन को इंटरैक्टिव बनाते हुए उन्होंने विद्यार्थियों से प्रदर्शित पोस्टरों पर अपनी राय व्यक्त करने को कहा। यह कार्यक्रम का सबसे स्वतः स्फूर्त सेशन रहा जिसमें छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया, कुछ बच्चियों को इन पोस्टरों में अपने संघर्ष की झलक दिखी। एमए तृतीय सेमेस्टर की छात्रा आराधना ने कहा कि पोस्टरों को देखकर महसूस हुआ कि इनमें प्रदर्शित महिलाओं का संघर्ष बहुत बड़ा था, इनके मुकाबले हमारा संघर्ष बहुत कम है। इन्हें देखकर हम प्रेरणा और उर्जा से भर गए हैं। एम.एस.सी. की कई छात्राओं ने अपने अनुभव और प्रेरणा को साझा किया। उनकी आँखों में झिलमिलाते सपनों को सहज ही देखा जा सकता था।

कार्यक्रम को संभव बनाने में अजीम प्रेम जी फाउंडेशन के राजेश, आलोक और आरती तथा महाविद्यालय की महिला प्रकोष्ठ समन्वयक सरोज तिर्की सहित आभा जायसवाल, संगीता पाण्डेय, रजनी सारथी व शम्पू तिर्की का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व प्राचार्य डॉ. रशीदा परवेज उपस्थित रहीं उन्होंने अपने गरिमामय संबोधन से विद्यार्थियों को बेहतर नागरिक बनने की शिक्षा दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. रमेश जायसवाल ने तथा संचालन डॉ. कामिनी ने किया। इस अवसर पर आईक्यूएसी प्रभारी डॉ. अनिल सिन्हा, डॉ. एसएन पाण्डेय सहित महविद्यालय के अन्य प्राध्यापक गण व सैकड़ों की संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## विदेश मंत्रियों की 16 वीं रणनीतिक वार्ता

# जयशंकर बोले-भारत में जापानी निवेश बढ़ने की अपार संभावना

**टोक्यो,07 मार्च 2024।** विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने आज जापानी विदेश मंत्री कामिकावा योको से मुलाकात की। राजधानी टोक्यो में 16वीं भारत-जापान विदेश मंत्री रणनीतिक वार्ता के बाद संयुक्त बयान जारी किया गया। विदेश मंत्री ने दोनों देशों के बीच आर्थिक सहयोग का जिक्र करते हुए कहा कि भारत में जापानी निवेश बढ़ने की पूरी संभावनाएं हैं। उन्होंने छोटे और मझोले उद्योग पर विशेष जोर दिया।

**पांच ट्रिलियन येन के साझा लक्ष्य पर नजरें**

जापान के साथ भागीदारी बढ़ने की संभावनाओं पर विदेश मंत्री डॉ जयशंकर ने कहा, भारत ने समग्र निवेश के संदर्भ में पांच ट्रिलियन येन के अपने साझा लक्ष्य को साकार करने की मांग को भी रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि हम भारत के उत्तर पूर्व में जापान की भूमिका का स्वागत करते हैं। विदेश मंत्री ने कहा, यह उस क्षेत्र की कनेक्टिविटी और औद्योगिक परिदृश्य को बदलने में महत्वपूर्ण साबित होगी।



**भारत और जापान का रिश्ता अहम; 2023 द्विपक्षीय संबंधों का ऐतिहासिक साल**

डॉ जयशंकर ने कहा कि भारत अपनी विकास यात्रा के साथ-साथ हिंद-प्रशांत क्षेत्र में स्थिरता के मुद्दे पर भी जापान को स्वाभाविक भागीदार के रूप में देखता है। उन्होंने कहा कि 2023 द्विपक्षीय संबंधों में ऐतिहासिक साल साबित हुआ है। विदेश मंत्री चार दिवसीय कोरिया-जापान यात्रा के दूसरे चरण में टोक्यो पहुंचे हैं। चार सदस्यीय क्वाड देशों के सम्मेलन के लिहाज से भी भारत और जापान का रिश्ता अहम है। चार सदस्यीय रणनीतिक सुरक्षा वार्ता- क्वाड में अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया भी शामिल हैं।

**कोरिया दौरे पर अयोध्या के राम मंदिर की प्रतिकृति का उपहार**

इससे पहले बुधवार को विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर ने दक्षिण कोरिया में कई अहम कार्यक्रमों में भाग लिया। उन्होंने अयोध्या की सिस्टर सिटी का दर्जा रखने वाले शहर-गिम्हे का दौरा भी किया। विदेश मंत्री ने दक्षिण कोरिया में इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स के प्रतिनिधियों से मुलाकात की। गिम्हे में डॉ जयशंकर ने गिम्हे सिटी के मेयर के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की। उन्होंने भारत और दक्षिण कोरिया के बीच साझा सांस्कृतिक विरासत और लंबे समय से लोगों के बीच कायम संबंधों का जिक्र किया। विदेश मंत्री ने गिम्हे सिटी में स्थानीय निवासियों से भी मुलाकात की। मेयर से मुलाकात के दौरान अयोध्या के राम मंदिर की प्रतिकृति भी भेंट की।

# विदेशी ताकतों ने मुझे हटाने के लिए माहौल बनाया,2022 में राष्ट्रपति पद से इस्तीफे पर बोले गोटबाया

**कोलंबो,07 मार्च 2024।** श्रीलंका के राष्ट्रपति पद से अपदस्थ गोटबाया राजपक्षे ने गुरुवार को संकेत दिया कि कुछ पश्चिमी शक्तियों के इशारों पर किए गए जन असंतोष के बावजूद एक देश उनके पद पर बने रहने का इच्छुक है। राजपक्षे ने भारत का नाम लिए बिना अपनी पुस्तक में लिखा, दरअसल एक प्रमुख विदेशी शक्ति थी जो इस बात पर जोर दे रही थी कि मुझे इस्तीफा नहीं देना चाहिए था और उन्होंने श्रीलंका को आवश्यक चीजें उपलब्ध कराने की इच्छा भी जाहिर की थी।



**लोगों को राहत देने के लिए दिया था इस्तीफा:गोटाबाया**

पूर्व राष्ट्रपति ने किताब में कहा कि फिर भी मैंने श्रीलंका के लोगों को कुछ राहत देने के लिए राष्ट्रपति पद से इस्तीफा दे दिया। किताब में कहा गया है कि दो साल के कोविड लॉकडाउन, स्कूलों के बंद होने और रोजगार के नुकसान के बाद जीवनयापन की लागत बढ़ गई है। मैं अपने कारण लोगों को लंबे समय तक राजनीतिक गतिरोध में नहीं डालना चाहता था।

**विदेशी ताकतों का था मुझे हटाने में हाथ:गोटाबाया**

गोटाबाया द्वारा लिखी गई पुस्तक में, उन्होंने कहा कि मैंने उन राजनीतिक साजिशों और तोड़फोड़ को खत्म करने के लिए इस्तीफा दे दिया, जो हर किसी के जीवन को असहनीय बना रही थीं। उन्होंने आगे कहा, किसी के लिए भी यह दावा करना बेहद नादानी होगी कि इसमें कोई विदेशी हाथ नहीं था। मुझे सत्ता से बाहर करने के लिए कदम उठाए गए।

**कुछ देश लोकतंत्र के सच्चे संरक्षण:गोटाबाया**

उन्होंने दावा किया कि कई विदेशी शक्तियां और कुछ राजनीतिक दल मुझे हटाने के लिए हिंसक विरोध प्रदर्शन और तोड़फोड के लिए वित्तपोषण कर रहे थे। मैं जब तक सत्ता में बना रहा, तब तक वे रुके नहीं। पश्चिमी देशों के रवैये पर सवाल खड़े करते हुए उन्होंने कहा कि कुछ देश चाहते थे कि मैं सत्ता में बना ही नहीं रहूं। वहीं कुछ ऐसे देश थे जो दुनियाभर में लोकतंत्र और कानून के शासन के संरक्षक के रूप में रहना पसंद करते हैं।

# मेक्सिको में हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त,3 की मौत

**मेक्सिको सिटी,07 मार्च 2024।** मैक्सिकन नौसेना के हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त होने से कम से कम तीन सदस्यों की मौके पर मौत हो गई। नौसेना मंत्रालय ने कहा कि यह दुर्घटना पश्चिमी मिचोआकेन राज्य में लाज़ारो कर्डेनस बंदरगाह से 370 किमी दक्षिण पश्चिम में हुई । मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि नौसेना का हेलीकॉप्टर फ्लाइट डेक से उड़ान भरने के तुरंत बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया और अब तक दुर्घटना के कारणों का पता नहीं चल पाया है। नौसेना ने कहा कि इस विमान में आठ नौसैनिक सवार थे, जिनमें से तीन को जीवित बचा लिया गया और उनका स्वास्थ्य स्थिर है। इसने कहा कि तीन की जान चली गई और दो लापता हैं, इसलिए खोज जारी हैं। मेक्सिको के मुख्य बंदरगाहों में से एक, लाज़ारो कर्डेनस, मादक पदार्थों की तस्करी से जुड़ी हिंसा से प्रभावित है।



# महाशिवरात्रि पर धूमधाम से निकलेगी भगवान शिव की बारात

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,07 मार्च 2024 (घटती-घटना)।**

प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी शिवशंकर कीर्तन मण्डली केदारपुर द्वारा महाशिवरात्रि पर्व 2024 के अवसर पर भगवान शिव की ऐतिहासिक बारात धूमधाम से निकाला जाएगा। यह आयोजन विगत 44 वर्षों चला आ रहा है। इस संबंध में बारात एवं मण्डली के संयुक्त कार्यक्रम प्रभारी भोला नाथ विश्वकर्मा एवं संजय कुमार मिश्रा ने बताया कि शिव बारात की सभी तैयारियां जोरों पर है। उन्होंने बताया कि प्रति वर्ष बारात में शामिल होने वाले भक्तगणों की संख्या में काफी वृद्धि देखी जा रही है, इसे ध्यान में रखते हुए सभी कार्यक्रम निर्धारित किये जा चुके है ताकि यातायात व्यवस्था भी प्रभावित न हो तथा किसी भी प्रकार की कोई परेशानियों का सामना न करना पड़े। उन्होंने बताया कि भगवान शिव की आकर्षक बारात शुक्रवार को महाशिवरात्रि के अवसर पर दोपहर 2 बजे शिव मंदिर सहेली गली प्रतापपुर नाका से ढोल, नगाड़े बाजे-गाजे, अबीर गुलाल एवं चम-पटाखों के साथ प्रस्थान करेगी। बारात के दौरान स्थान-स्थान पर भूत-प्रेत, चुडैल, नाग, गन्धर्व एवं किन्नरों द्वारा बारात का स्वागत किया जायेगा। बारात पूर्व निर्धारित मार्ग होते हुए गौरी मंदिर पुलिस लाईन पहुंचेगी, जहां रात्रि में शुभ विवाह सम्पन्न होगा तथा दूसरे दिन शनिवार को सहेली गली, केदारपुर स्थित भगवान शिवमंदिर प्रांगण में आर्शीवाद समारोह के रूप में महाआरती पश्चात शाम 7 बजे से विशाल भंडारा का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर सभी शिवभक्तगों से अनुरोध किया गया है कि अधिक से अधिक संख्या में भगवान शिव के बारात में शामिल होएं और भंडारे कि दिन प्रसाद ग्रहण कर पुण्य के भागी बने। महाशिवरात्रि शुक्रवार को धूमधाम से मनाया जाएगा। इसे लेकर जिला मुख्यालय अंबिकापुर सहित ग्रामीण क्षेत्रों के शिव मंदिरों में तैयारी पूर्ण कर ली गई है। मंदिरो को विशेष आकर्षक लाइट से सजाए गए हैं। इसे लेकर पूजा समितियों द्वारा मंदिरों के रंगाई पुताई की तैयारी पूर्व से ही शुरू कर दी गई थी। शहर के चौपाटी स्थित शिव मंदिर, नमनाकला, गांधीनगर, सत्तीपारा, दर्रीपारा, महामाया मंदिर, दुर्गा मंदिरों में महाशिवरात्रि को लेकर तैयारी पूर्ण कर ली गई। मंदिरों में सुबह से ही भक्तों के आने का सिलसिला शुरू हो जाएगा। वहीं दोपहर बाद प्रसाद वितरण व भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा।



# नाबालिग लडक़ी से बलात्कार करने वाला आरोपी गिरफ्तार



**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,07 मार्च 2024 (घटती-घटना)।**

नाबालिग लडक़ी को बहला फुसलाकर कई बार बलात्कार किए जाने के मामले में सीतापुर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

जानकारी के अनुसार आरोपी सागर सिंह एक नबालिग लडक़ी को बहला फुसला कर कई बार जबरन बलात्कार करता था। पीड़िता ने मामले की जानकारी परिजन को दी। इसके बाद पीड़िता परिजन के साथ सीतापुर थाना पहुंचकर मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पीड़िता की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर उसकी तलाशी शुरू कर दी थी। जिसे पुलिस ने आरोपी 24 वर्षीय सागर सिंह को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। कार्रवाई में थाना सीतापुर से सहायक उप निरीक्षक शिवचरण साहू, शशिप्रभा दास,महिला आरक्षक लक्ष्मनिया टोप्पो, आरक्षक पंकज देवांगन, संजय एक्का, संजय एक्का, धनकेश्वर यादव, मनोहर पैकरा शामिल रहे।

# एटीएम बदलकर ठगी करने वाला एक आरोपी बिहार से गिरफ्तार



**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर, 07 मार्च 2024 (घटती-घटना)।**

उदयपुर थाना क्षेत्र में दो साल पूर्व दो आरोपियों ने एटीएम कार्ड बदलकर 1 लाख 14 हजार 8 सौ रुपए की धोखाधड़ी कर लिया था। इस मामले में उदयपुर पुलिस ने एक आरोपी को बिहार के नवादा जिले से गिरफ्तार किया है। वहीं दूसरा आरोपी फरार है।

रामलखन सिंह उदयपुर थाना क्षेत्र के ग्राम रामनगर का रहने वाला है। 2 मार्च 2022 को रामलखन का भाई उसका एटीएम कार्ड लेकर उदयपुर के एसबीआई एटीएम मशीन में रुपए निकालने गए था। इस दौरान दो अज्ञात व्यक्ति ने रुपए निकालने के दौरान सहयोग करने के नाम पर उसका एटीएम कार्ड बदल दिया था। इसके बाद 1 लाख 14 हजार 8 सौ रुपए निकाल लिए थे। रामलखन ने मामले की रिपोर्ट उदयपुर थाना में दर्ज कराई थी। पुलिस अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज कर आरोपियों की तलाश कर रही थी। वहीं साइबर सेल की मदद से पुलिस ने अभिषेक कुमार उर्फ राहुल उर्फ अमित उम्र 24 वर्ष निवासी पटेलनगर नवादा बिहार को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 420, 419, 34 रव 66(सी) आईटी एक्ट के तहत कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। वहीं घटना में शामिल मुख्य आरोपी फरार है। कार्रवाई के दौरान निरीक्षक कुमारी चंद्राकर, प्रधान आरक्षक शत्रुधन सिंह, आरक्षक रविन्द्र साहू, वीरेंद्र पैकरा शामिल रहे।

# पहले घर में लगी आग,फिर सिलेंडर में हुआ ब्लास्ट,सब कुछ खाक

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर, 07 मार्च 2024 (घटती-घटना)।**

ग्राम कोचली लाल माटी में बुधवार की दोपहर एक घर में लगी आग से पूरा घर जलकर खाक हो गया। आग लगने की जानकारी होने पर जब गांव के लोग एकजुट हुए उसी समय जोरदार धमाके की आवाज के साथ घर में रखा गैस सिलेंडर भी ब्लास्ट हो गया। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई।



जानकारी के अनुसार बलरामपुर जिले के पस्ता थाना अंतर्गत ग्राम कोचली लाल माटी निवासी राजेश गुप्ता बुधवार को अयोध्या जाने के लिये अंबिकापुर गए हुए थे। उनकी पत्नी जो कि प्राइवेट स्कूल में शिक्षिका के पद पर हैं वे स्कूल गई हुई थीं तथा बच्चे भी पढने् के लिए स्कूल गए हुए थे। राजेश गुप्ता की मां जो कि घर के बगल में सटे हुए एक दूसरे मकान में मौजूद थीं अचानक उन्हें अपने पुत्र के घर से धुआं निकलता दिखाई दिया। धुआं देखकर जब उन्होनें दरवाजा खोला तो वे भी आग की लपटों से घिर गईं। आग की लपटों से घिरी वृद्धा महिला की चीख पुकार सुनकर जब आसपास के लोग इकट्ठे हुए तब तक आग काफी तेज हो चुकी थी। किसी तरह से लोगों ने वृद्धा को आग से बचाते हुए बाहर निकाला। सैकड़ों की संख्या में मौके पर मौजूद लोग जैसे-तैसे करके आग बुझाने का प्रयास कर ही रहे थे कि अचानक घर में रखा गैस सिलेंडर भी जोरदार धमाके की आवाज के साथ फट गया। धमाके की आवाज सुनकर लोगों में भगदड़ मच गई। लोग घटनास्थल से दूर भागने लगे। गनीमत रही कि इस हादसे में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। काफी प्रयास के बाद भी लोग आग को नहीं बुझा सके और अंततः घर व उसमें रखा सारा सामान जलकर खाक हो गया। घटना की सूचना जैसे ही राजेश गुप्ता को मिली वे तत्काल अपनी यात्रा रद कर वापस घर के लिए रवाना हो गए। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है पर ऐसी संभावना व्यक्त की जा रही है कि आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट भी हो सकता है। इस घटना में पीड़ित परिवार को कितने का नुकसान हुआ है अभी इसका आंकलन नहीं किया जा सका है। मामले की सूचना मिलने पर पस्ता थाने की पुलिस भी मौके पर पहुंचकर घटना की जांच में लगी हुई थी।


## पैरामेडिकल एवं नर्सिंग पाठ्यक्रम में चयन हेतु आवेदन आमंत्रित
## पैरामेडिकल संस्थान NSDC-SDMS केन्द्र क्र.- 211265

निम्न तालिका अनुसार (छ.ग.) के सभी संभाग के विभिन्न जिलों में पैरामेडिकल संस्था द्वारा संचालित पैरामेडिकल एवं नर्सिंग सहयोगी पाठ्यक्रमों में (सत्र 2024-25) के प्रवेश, नेशनल स्कील डेवलपमेंट कार्पोरेशन (मिनीस्ट्री ऑफ स्किल डेवलपमेंट भारत सरकार का उपक्रम) हेतु आवेदन आमंत्रित है।

**उपलब्ध विभिन्न केन्द्रों के नाम पाठ्यक्रम एवं कुल सीटें**

| उपलब्ध केन्द्रों व जिलों के नाम | (D.M.L.T.) डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्निशियन | (M.P.W.) पोस्ट डिप्लोमा इन मल्टीपरपस हेल्थ वर्कर | (D.O.T.) पोस्ट डिप्लोमा इन ऑपरेशन थियेटर टेक्निशियन | (EMT) पोस्ट डिप्लोमा इन इमरजेंसी मेडिकल टेक्निशियन | (X-Ray) पोस्ट डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्निशियन | पोस्ट डिप्लोमा इन नर्सिंग सुपरवाईजर | पोस्ट डिप्लोमा इन डायलिसिस टेक्निशियन | डिप्लोमा इन योगा एण्ड नैचरोपैथी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अम्बिकापुर | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 35 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें |
| बिलासपुर | 60सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 35 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| रायपुर | 60सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 35 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| जांजगीर-चांपा | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 20 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें |
| सरईपाली | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 20 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें |

आवेदन हेतु- 12 वी कक्षा में न्युनतम प्रतिशत : अनु. जनजाति 40%, अनु.जाति हेतु 42%, अन्य पिछड़ा वर्ग 45%, सामान्य वर्ग 50% या अधिक। विकलांग सैनिक/स्व. संग्राम सेनानि वर्ग के उम्मीदवार हेतु निर्धारित सीटें आरक्षित है।

नोट :-

1. अरवेदक, निम्न दिये गये आवेदन पत्रके प्रारूप को कम्प्युटर द्वारा टाईप राकर अपना पूर्ण विवरण स्पष्ट रू से भरें। साथ ही 35 रूपये का डाक टिकट लगा हुआ 10x4 का सफेद लिफाफे में अपना स्वयं का नाम, पिता का नाम, एवं पूर्ण पता स्पष्ट लिख कर स्पीड पोस्ट द्वारा कार्यालय के निम्न पते पर भेजें।(आवेदन पोस्ट द्वारा नियत तिथि तक ही स्वीकार किया जावेगा)
2. चयनित उम्मीदवार को कॉल लेटर द्वारा काउन्सलिंग हेतु सचित जकया जाएगा।
3. विद्या कौशल के माध्यम से शैक्षणिक लोन उपलब्ध है।
4. छ.ग. के किसी भी जिले के विद्यार्थी किसी भी जिले के लिए आवेदन कर सकते हैं।

आवेदन पत्र डाक द्वारा भेजने की अंतिम तिथि :- 25.03.2024 तक।
आवेदन पत्रकार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि :- 30.03.2024 तक।

कार्यालय का पता :- पैरामेडिकल संस्थान NSDC/SDMS, केन्द्र क्र. 211265, नीलकंठ कॉम्पलेक्स, टेक्नोवैली कैम्पस, एम.जी. रोड अम्बिकापुर, सरगुजा (छ.ग.) 497001

**आवेदन पत्र भेजने का प्रारूप**

प्रति,
संचालक
पैरामेडिकल संस्थान, NSDC/SDMS, केन्द्र क्र. 211265,नीलकंठ कॉम्पलेक्स, टेक्नोवैली कैम्पस, एम.जी. रोड अम्बिकापुर (छ.ग.) 497001
महोदय,
(पाठ्यक्रम का नाम) में चयन हेतु मैं अपना आवेदन प्रस्तुत कर रहा/रही है।
1. आवेदक का नाम .................... 2. पिता/पति ....................
3. जन्म तिथि अंकों में .................... 4. वर्ग :- अनु.ज.जाति ☐ अनु.जनजाति ☐ पिछड़ा वर्ग ☐ सामान्य ☐
5. पत्रव्यवहार का पता- ग्राम .................... पोस्ट .................... तहसील ....................
थाना .................... जिला.................... पिन कोड
मो. नं. 1 .................... 2. .................... व्हाट्सअप नं. ....................
6. केन्द्र का नाम जहां चयन पश्चात् प्रवेश जेना चाहते है ....................

| क्र. | उत्तीर्ण परीक्षा का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | कुल अंक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | |

कार्यालय संचालक, पैरामेडिकल संस्थान, NSDC-SDMS केन्द्र क्र. 211265

# आखिर क्यों वर्ष 2022 में जिला चिकित्सालय के सिविल सर्जन ने डॉक्टर प्रिंस जायसवाल के जिला चिकित्सालय में अनावश्यक प्रवेश पर लगाया था प्रतिबंध ?



### सिविल सर्जन तत्कालीन ने डॉक्टर प्रिंस जायसवाल को जिला चिकित्सालय की छवि खराब करने वाला बताते हुए लिखा था उन्हे पत्र

### पत्र का उद्देश्य केवल एक था और वह था डॉक्टर प्रिंस जायसवाल की सीमाएं तय करना

### उनकी चापलूसी प्रवृत्ति से उन्हे रोकना सहित उनके मूल कार्य के प्रति उन्हे सजग करना

-रवि सिंह-
बैकुण्ठपुर,07 मार्च 2024
(घटती-घटना)।

स्वास्थ्य विभाग में एनएचएम के प्रभारी डीपीएम डॉ प्रिंस जायसवाल को अब तक जिला प्रशासन ने रिलीव नही किया है, उनकी कार्यशैली को जिला प्रशासन ने बहुत पसंद किया और तमाम अनियमितताओं को ढंक कर उन्हें प्रोत्साहित करते रहे, परंतु वह खुद काम के प्रति कितने जिम्मेदार रहे है, यह एक पत्र से खुलासा हुआ है ये पत्र सेवाकाल में रहते जिला अस्पताल के सीएम डॉ ए के करण ने डॉक्टर प्रिंस जायसवाल को लिखा था और पत्र तत्कालीन मिशन संचालक, वर्तमान कलेक्टर कोरिया, सीएमएचओ और जिला जनसंपर्क अधिकारी को पत्र प्रेषित किया था, अब वे सेवानिवृत्त हो चुके है और उनका पत्र अब सोशल मीडिया में तैर रहा है। सूत्र बताते है कि प्रभारी डीपीएम के द्वारा इस पत्र को हर जगह से हटा लिया गया, यहां तक कि जिला कंप्यूटर में ये टाइप हुआ था वहां से भी मिटवाया गया था। पत्र में सरल सहज और अपने कर्तव्य के प्रति हमेशा सजग रहने वाले तत्कालीन सिविल सर्जन जिला चिकित्सालय बैकुंठपुर ने जो कुछ लिखा है उसको पढ़कर समझा जा सकता है की डॉक्टर प्रिंस जायसवाल किस तरह कोरिया जिले के स्वास्थ्य विभाग को खुद बदनाम भी करते आए हैं जिला चिकित्सालय सहित स्वास्थ्य व्यवस्था डॉक्टरों को उच्च अधिकारियों के सामने जलील कर नीचा दिखाकर वह अपना हित अपनी वाहवाही ही करवाते चले आए हैं जिससे त्रस्त होकर सिविल सर्जन की जिम्मेदारी निभा रहे तत्कालीन डॉक्टर ए के करण ने एक पत्र लिखा था जो डॉक्टर प्रिंस जायसवाल को उनकी हद बताते हुए उन्हे स्वास्थ्य विभाग की प्रशंसा डॉक्टरों की प्रसंशा की समझाइश के लिए लिखी गई थी जिसका उद्देश्य यह था की डॉक्टर प्रिंस जायसवाल जो खुद जिस जिम्मेदारी के लिए नियुक्त हैं उसका निर्वहन करने की बजाए वह स्वास्थ्य व्यवस्था को नीचा दिखाकर जिले के अपनी वाहवाही चाहते हैं जो गलत है। वैसे डॉक्टर प्रिंस जायसवाल आयुर्वेद चिकित्सक हैं,योग्यता अनुसार उन्हे पूरे जिले के स्वास्थ्य व्यवस्था की जिम्मेदारी इसलिए भी नहीं देनी चाहिए क्योंकि वह एक तरफ संविदा कर्मचारी हैं मतलब जुगाड से वह पद पर हैं वहीं उनसे योग्य और विशेषज्ञ चिकित्सक जिले में मौजूद हैं जिन्हे इस तरह की जिम्मेदारी दिए जाने से स्वास्थ्य व्यवस्था सुदृढ़ हो सकती है न की ऐसे किसी को जिसका उद्देश्य ही अपना हित पहला हो।

## पत्र में बताया चुगलखोर

पूरे पत्र के तत्कालीन सीएस ने डॉ प्रिंस जायसवाल को कलेक्टर को नकारात्मक बाते बताने का आरोप लगाया, पत्र का लब्बोलुआब यह है कि तत्कालीन सीएस उन्हें चुगलखोर बता रहे है, तय है कि इनके द्वारा जिले भर के लोगो के खिलाफ इसी तरह से कलेक्टर के कान भरे गए है तभी जिले का हाल बेहाल हो चुका है। जिले भर के अधिकारियों में प्रभारी डीपीएम को लेकर काफी आक्रोश है, सामने कुछ कहते है पर जैसे ही मौका मिलता है अधिकारी यह बताने से पीछे नही हटते की पूरा जिला वो ही चला रहा है।

## सिर्फ फोटो खिंचवाने में आगे

तत्कालीन सीएस के पत्र को पढ़ने से यह बात सही साबित हो रही है कि खुद मुँह मिट्ठू बनने में ये सबसे आगे है खुद की बढ़ाई अखबारों में छपवाकर वाहवाही लूटना इनकी आदत है ये हम नही तत्कालीन सीएस का पत्र ये बात साबित कर रहा है।

## पत्र पर किसी ने नही लिया संज्ञान


स्वास्थ्य विभाग में क्लास वन अफसर तत्कालीन सीएस डॉ ए के करण के पत्र का कांग्रेस सरकार ने पदस्थ अधिकारियों ने संज्ञान नही लिया वर्तमान कलेक्टर तो पूरे समय इस पत्र के बाद तत्कालीन सीएस के खिलाफ मोर्चा खोले हुए थे। यही कारण है कि स्वास्थ्य विभाग की हालत जिले में बद से बदतर होते चली गई। सिर्फ बजट के खर्च पर ही पूरा जोर होकर कर रह गया, और पूरे खर्च के हिसाब को अब तक छुपाया जाता रहा।

## डॉक्टर प्रिंस जायसवाल प्रवेश जिला चिकित्सालय जिला कोरिया में पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया था

अतः आपको अंतिम चेतावनी देते हुए निर्देशित किया जाता है कि आप अपने पद की गरिमा में रहते हुए अपने पदानुसार कार्यक्रमों में रूची लगाकर कार्य करें एवं उनमें सुधार करें साथ ही उससे संबंधित सही जानकारी समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों को प्रदान करें। आपका प्रवेश जिला चिकित्सालय जिला कोरिया में पूर्णतः प्रतिबंधित किया जाता है एवं आपके कार्यक्रम से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी हेतु आप जिला चिकित्सालय के किसी भी अधिकारी एवं कर्मचारी से संपर्क नही करेंगे केवल अधोहस्ताक्षरकर्ता से संपर्क कर अनुमति पश्चात ही जानकारी प्रदान की जावेगी।


कार्यालय, सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक,
जिला चिकित्सालय बैकुण्ठपुर, जिला–कोरिया (छ.ग.)


कार्यालय, सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक,
जिला चिकित्सालय बैकुण्ठपुर, जिला–कोरिया (छ.ग.)


कार्यालय, सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक,
जिला चिकित्सालय बैकुण्ठपुर, जिला–कोरिया (छ.ग.)

छत्तीसगढ़
Chattisgarh

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 16. | 1 | 1 | सरगुजा (अजजा) Sarguja (ST) | श्री चिंतामणि महाराज Shri Chintamani Maharaj |
| 17. | 2 | 2 | रायगढ़ (अजजा) Raigarh (ST) | श्री राधेश्याम राठिया Shri Radheshyam Rathia |
| 18. | 3 | 3 | जांजगीर-चंपा (अजा) Janjgir-Champa (SC) | श्रीमती कमलेश जांगड़े Smt. Kamlesh Jangde |
| 19. | 4 | 4 | कोरबा Korba | सुश्री सरोज पांडे Sushri Saroj Pandey |
| 20. | 5 | 5 | बिलासपुर Bilaspur | श्री तोखन साहू Shri Tokhan Sahu |
| 21. | 6 | 6 | राजनंदगांव Rajnandgaon | श्री संतोष पांडे Shri Santosh Pandey |

| क्र० | # | लोकसभा का नं० एवं नाम | | उम्मीदवार का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 22. | 7 | 7 | दुर्ग Durg | श्री विजय बघेल Shri Vijay Baghel |
| 23. | 8 | 8 | रायपुर Raipur | श्री बृजमोहन अग्रवाल Shri Brijmohan Agarwal |
| 24. | 9 | 9 | महासमुंद Mahasamund | श्रीमती रूप कुमारी चौधरी Smt. Roop Kumari Choudhary |
| 25. | 10 | 10 | बस्तर (अजजा) Bastar (ST) | श्री महेश कश्यप Shri Mahesh Kashyap |
| 26. | 11 | 11 | कांकेर (अजजा) Kanker (ST) | श्री भोजराज नाग Shri Bhojraj Nag |

## पत्र सामने आने के बाद अब सूट बूट वाले डीपीएम की असलियत भी आई समाने,कैसे वह बने हुए हैं चापलूसी से जिले के सरताज समझा जा सकता है

वर्ष 2022 में लिखा गया जिला चिकित्सालय के सिविल सर्जन का पत्र डॉक्टर प्रिंस जायसवाल के लिए उनकी कारस्तानियो के लिए लिखा गया है से समझा जा सकता है की आज डीपीएम जैसे पद पर बने रहने के लिए प्रिंस जायसवाल ने कितने अनुभवी चिकित्सकों को चापलूसी और चुगली कर उनके अनुभव और योग्यता को बेकार बताया खुद को श्रेष्ठ बताया। डॉक्टर प्रिंस ने ऐसा इसलिए संभव कर दिखाया क्योंकि उन्हे राजनीतिक संरक्षण मिलता रहा पहले मनेंद्रगढ़ विधायक का जो पिछली सरकार में स्वास्थ्य विभाग में ही राज्यमंत्री का दर्जा प्राप्त नेता थे । नेता कांग्रेस का हो भाजपा का हो यह फर्क डॉक्टर प्रिंस के लिए कभी दिक्कत वाला साबित नहीं हुआ क्योंकि उन्हे परिवार और रिश्तेदारी जोड़ने की एक बेहतर कला आती है जिस वजह से वह आज सफल हैं जबकि वह गलतियों में ही मात्र श्रेष्ठ हैं वहीं अनियमितता ही उनके लिए स्वास्थ्य विभाग का मतलब है जिससे जल्द से जल्द वह अधिक पैसा कमा सकें । वैसे कोरोना काल में जीवन रक्षक दवा भी कालाबाजारी का शिकार जिले में हुई थी और फिर भी इन्हे पुरुषकार मिला था जो सोचने वाला विषय है।वैसे अपने पूरे कार्यकाल में अपनी एक उपलब्धि न साबित करते हुए अन्य की केवल कमियां गिनाकर विशेषज्ञ चिकित्सकों पर राजा करने वाले डॉक्टर प्रिंस जैसवाल की असली हकीकत क्या है उनके सूट बूट का क्या राज है वह यह पत्र साबित करता है।

## सिविल सर्जन ए के करण ने जो पत्र लिखा था वह कुछ इस तरह था जिसका अक्षरशः वृतांत यह है-

तत्कालीन सिविल सर्जन उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि प्रायः देखा गया है कि आप के द्वारा राज्य शासन से आई हुई टीम व कलेक्टर या जिला प्रशासन के अधिकारियों के समक्ष जिला चिकित्सालय तथा जिला चिकित्सालय के अधिकारियों व कर्मचारियों के निंदा करते हुए छवि खराब की जा रही है। दिनांक 05/11/2022 को कलेक्टर महोदय द्वारा जिला चिकित्सालय का निरीक्षण किया गया, उक्त निरीक्षण में आपके द्वारा कलेक्टर महोदय को जिला चिकित्सालय एवं जिला चिकित्सालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के संबंध में गलत जानकारी दी गई, जिससे कलेक्टर महोदय के समक्ष जिला चिकित्सालय एवं जिला चिकित्सालय में कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों की छवि खराब हुई है। जिला चिकित्सालय का निरीक्षण किसी भी राज्य व जिले के अधिकारियों द्वारा किया जाता है तो जिला चिकित्सालय के अधिकारियों द्वारा ही निरीक्षण कराया जाना होता है। चूंकि आप जिला चिकित्सालय के कर्मचारी नहीं है तथा आप किसी प्रशासनिक पद पर कार्यरत नही है जिससे आपको जिला चिकित्सालय का निरीक्षण करने व निरीक्षण करने वाले अधिकारियों को जानकारी देने का अधिकार नहीं है। आपके पद अनुसार आपका कार्य जिले के स्वास्थ्य केन्द्रों को सुदृढ़ किये जाने का कार्य है साथ ही मातृत्व शिशु एवं किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम देखा जाना आपका मूल कार्य है, परंतु आपके द्वारा जिले के अन्य समस्त स्स्वास्थ्य केन्द्रों में जाकर केवल खानापूर्ति कर केवल फोटो खिंचाया जाता है, वहां के कर्मचारियों को सही जानकारी नहीं दी जाती है केवल अभद्र व्यवहार करते हुए डांटा जाता है। जिसके कारण जिले के समस्त स्वास्थ्य केन्द्रों में सुधार कार्य नहीं हो रहा है इसी कारण जिला चिकित्सालय में मरीजों की संख्या वर्ष दर वर्ष बढ़ते जा रही है। जिला चिकित्सालय में जिले के अन्य स्वास्थ्य केन्द्रों से अनावश्यक रिफर किया जाता है। जिसे आपके द्वारा आज दिनांक तक कम नही कराया गया है। दिनांक 05/11/2022 को कलेक्टर महोदय के निरीक्षण के दौरान आपके द्वारा जिला चिकित्सालय के विशेषज्ञ चिकित्सक एवं चिकित्सा अधिकारियों से कलेक्टर महोदय को गलत जानकारी देते हुए अभद्र व्यवहार किया गया जिसके कारण जिला चिकित्सालय के विशेषज्ञ चिकित्सक एवं चिकित्सा अधिकारियों ने खासी नाराजगी व्यक्त की है। जिला चिकित्सालय व कार्यरत अधिकारी एवं कर्मचारियों से संबंधित नकारात्मक रागाचार सोशल मिडिया में वायरल होने की स्थिति में आपके द्वारा नकारात्मक समाचार को बढ़ावा दिया जाता है। चूंकि आप स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी हैं, आपका कर्तव्य होता है कि नकारात्मकता को दूर किया जाए परंतु आपके द्वारा ऐसा नहीं किया जाता है। समस्त स्वास्थ्य केन्द्रों में कुछ कमियां रहती हैं उसी प्रकार जिला चिकित्सालय में भी कुछ कमियां आती हैं जिसे समय दर समय दूर किया जाता है। आपके अनुसार जिला चिकित्सालय में अच्छा कार्य नही हो रहा है तो कलेक्टर महोदय के निरीक्षण के दौरान समस्त गरीजों द्वारा कलेक्टर महोदय को जिला चिकित्सालय व अधिकारियों एवं कर्मचारियों से संबंधित सकारात्मक सूचना क्यों दी गई। यदि जिला चिकित्सालय में अच्छा कार्य व ईलाज नही होता तो 100 बिस्तरीय चिकित्सालय में 200-250 मरीजों का ईलाज कैसे संभव होता? आपकों स्वयं जिला चिकित्सालय के कार्यप्रणाली की जानकारी के लिए प्रशिक्षण की आवश्यकता है। जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में भी आपके द्वारा जिला चिकित्सालय तथा जिले के अन्य स्वास्थ्य केन्द्रों एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों को जिला प्रशासन के समक्ष निचा दिखाया जाता है। जिस संबंध में समस्त खण्ड चिकित्सा अधिकारियों के द्वारा भी नाराजगी व्यक्त की गई है। आपको निर्देशित किया जाता है कि जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में जिला चिकित्सालय से संबंधित जानकारी आपके द्वारा नही दिया जाना है केवल जिला चिकित्सालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा दी जावेगी। यह भी जानकारी प्राप्त हुई है कि आपके द्वारा स्वास्थ्य केन्द्रों से जानकारी लेने के लिए डाटा एण्ट्री आपरेटरों से अभद्र व्यवहार किया जाता है। जिसमें गलती आपकी ही रहती है जिसमें आप के द्वारा पूर्व से सूचना नहीं दी जाती है ना ही उस संबंध में कोई जानकारी दी जाती है। यह आपकी जिम्मेदारी है कि जिले के समस्त स्वास्थ्य केन्द्रों में कायाकल्प व राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक कार्यक्रम की तैयारी कराया जाना आपका कार्य है। परंतु आपके द्वारा नही कराया जाता है। जिससे कायाकल्प व राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक कार्यक्रम में जिले की स्थिति में सुधार नही हो रहा है। आपके पदानुसार समस्त कार्यक्रमों की जानकारी आपको नही रहती है, डिस्ट्रीक्ट डाटा मैनेजर के द्वारा आपके कार्यक्रमों की जानकारी दी जाती है। आपका पद जिला आरएमएनसीएचए सलाहकार का है जो एन.एच.एन. अंतर्गत (संविदा) आता है। परंतु आपके द्वारा स्वयं की गलती को छिपाने के लिए अपनी छवि को श्रेष्ठ बनाये जाने के लिए अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों की बुराई करते हुए उन्हें नीचा दिखाया जाता है। चूंकि आपका पद प्रशासनिक पद नही है आपको किसी भी स्वास्थ्य केन्द्र में निरीक्षण करने का अधिकार नहीं है आपको स्वास्थ्य केन्द्र में जाकर वहाँ की कमियों को दूर किये जाने तथा अधिकारियों एवं कर्मचारियों का उचित प्रशिक्षण देने का कार्य साथ ही सुधार कार्य में सहयोग करना है। परंतु आपके द्वारा स्वास्थ्य केन्द्रों में छापा मारने का कार्य किया जाता है जिसके लिए आप अधिकृत नहीं है। आपके द्वारा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारियों से ऐसा व्यवहार किया जाता है कि आप किसी अन्य प्रशासनिक विभाग के अधिकारी है आपके व्यवहार के अनुसार स्वास्थ्य विभाग आपका विभाग नहीं है। आपको निर्देशित किया जाता है कि आपके द्वारा कलेक्टर महोदय को जिला चिकित्सालय में भ्रमण के दौरान दी गई गलत जानकारियों को जिले के अन्य समस्त स्वास्थ्य केन्द्रों में लागू करवाकर अधोहस्ताक्षरकर्ता को सूचित करना सुनिश्चित करें।

# जनकपुर में 3 करोड़ की लागत से बनेगा जिला स्तरीय स्टेडियम

## विधायक कप स्पर्धा के समापन में पहुंची पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री विधायक रेणुका सिंह

-संवाददाता-
मनेन्द्रगढ़,07 मार्च 2024
(घटती-घटना)।

हमें अपने जीवन में निश्चित रूप से खेल के प्रति लगाव होना चाहिए, स्वस्थ रहने के लिये भी हमें खेल खेलना जरूरी है। मानसिक, शारीरिक संतुलन के लिए खेल आवश्यक है। चाहे कोई भी खेल हो उसे खेल भावना से ही खेलना चाहिए। यह बातें जनकपुर के इंद्रप्रस्थ स्टेडियम में विधायक कप के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री व विधायक रेणुका सिंह ने कही। विधायक का स्टेडियम पहुंचने पर ग्रामीणों व दर्शकों ने गाजे बाजे के साथ भव्य स्वागत किया। फाइनल मुकाबला पुष्पेंद्र इलेवन नवलपुर एवं बादशाह इलेवन शहडोल मध्य निर्धारित 20 ओवर का मैच खेला गया। जिसमें टॉस जीतकर नवलपुर ने पहले बल्लेबाजी की एवं 197 रनों का विशाल लक्ष्य बादशाह इलेवन शहडोल को दिया एवं लक्ष्य का पीछा करते हुए बादशाह इलेवन की टीम 195 रनों पर ढेर हो गई और नवलपुर ने इस मुकाबले को 2 रन से जीत लिया। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष राजकुमारी बैगा, उपाध्यक्ष दुर्गाशंकर मिश्रा, जिला पंचायत सदस्य रविशंकर सिंह, मंडल अध्यक्ष पवन शुक्ला, तहसीलदार मनहरण सिंह राठिया, सच्चिदानंद साहू, अंजनी सिंह बघेल, महाविद्यालय प्राचार्य शारदा प्रसाद त्रिपाठी,भाजपा कोटाडोल मंडल अध्यक्ष राजाराम दास कुवारपुर मंडल अध्यक्ष हीरा मौर्य मौजूद थे। विधायक कप को सफल बनाने में आयोजन समिति के मुख्य रूप से निलेश मिश्रा, बिल्लू खान, सुल्तान खान, रफीक खान, नफीस खान, निशांत गुप्ता, प्रशांत राजवाड़े, अमित गुप्ता, प्रमोद, फुजैल, राज, जुनैद सज्जू, सनी यादव, सिद्धू,




बेली राजाराम, सुनील केवट, अभिषेक दुबे, प्रदीप पतवार, धीर रवानी, चंदन नामदेव की महती भूमिका रही। आगामी विधायक कप में मिलेगी तिगुनी ईनामी राशि-कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री विधायक रेणुका सिंह ने इस दौरान यह घोषणा की कि यहां 3 करोड़ रुपये की लागत से नए जिला स्तरीय स्टेडियम बनाया जाएगा। इसके अलावा विधायक ने ऐसे आयोजन को सफल बनाने के लिए हर संभव सहयोग करने की बात करते हुए आगामी विधायक कप प्रतियोगिता में विजेता टीम की राशि को डेढ़ लाख रुपये एवं उपविजेता टीम के लिए 1 लाख रुपये ईनाम के तौर पर देने की घोषणा की। इसके अलावा जनकपुर व सोनहत में छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ का चयन ट्रायल कराने की बात भी कही। चयन ट्रायल वनांचल क्षेत्रो में होने से वनांचल क्षेत्र की प्रतिभा को अवसर मिलेगा।

CMYK

# आगजनी के फरार आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

-संवाददाता-
कोरबा,07 मार्च 2024 (घटती-घटना)।



कोरबा जिले के थाना कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत हुए आगजनी के मामले में थाना कोतवाली अपराध क्रमांक 360 /23 धारा 365 384 366 ए 323 506 के तहत आलोक सागर, गौतम सिंह, अभिषेक साहू, बाबुल जयसवाल को पूर्व में गिरफ्तार किया जाकर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। वहीं मामले के फरार आरोपी निशांत उर्फ निशू यादव पिता लक्ष्मी नारायण यादव उम्र 20 वर्ष एवं राहुल यादव पिता छोटे लाल यादव उम्र 26 वर्ष साकिन निवासी पुरानी बस्ती सर्वमंगला रोड कोरबा को घटना दिनांक से फरार होने के पश्चात जरिए मुखबिर सूचना के आरोपियों के सकुनत पर जाकर घेराबंदी कर पकड़ा गया । आरोपियों को गिरफ्तार कर अन्य मामलों में पूछताछ किया गया । पूछताछ के दौरान आरोपी निशांत उर्फ निशू यादव द्वारा थाना कोतवाली कोरबा के अपराध क्रमांक 137/24 धारा 435 भादवि के मामले को घटित करना स्वीकार करते हुए 04 मार्च के दरमियानी रात को हुए दुरपा रोड फुलवारी पर के पास दो वाहनों में अपने अन्य साथियों के साथ ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगाना बताते हुए फरार होकर लुक छिप रहना बताया । जो आरोपी निशांत उर्फ निशू यादव को आगजनी के मामले में पृथक से गिरफ्तार किया गया है । वहीं कृष, बाबू, गप्पू, को आगजनी मामले में संगलिप्पता का पता चला है,जो वर्तमान में फरार है,जिनकी पता तलाश के लिए दो टीम गठित की गई जिन्हें शीघ्र गिरफ्तार किया जाएगा साथ ही पुलिस ने बताया के प्रबंधात्मक धाराओं के तहत तथा शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाही की जाकर लाइसेंस निरस्तीकरण की कार्यवाही लगातार की जा रही है । पिछले दिनों करीब 20 लोगों के ऊपर प्रबंधात्मक धाराओं के तहत कार्यवाही की गई है ।

# तीन दिवसीय जिला स्तरीय महिला खेल प्रतियोगिता का आयोजन

-संवाददाता-
कोरबा 07 मार्च 2024 (घटती-घटना)।

कलेक्टर अजीत वसंत के मार्गदर्शन में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर खेल एवं युवा कल्याण विभाग कोरबा द्वारा 06 से 08 मार्च तक 03 दिवसीय जिला स्तरीय महिला खेल प्रतियोगिता आयोजन कराया जा रहा है। जिसके तहत 06 मार्च को डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्टेडियम बालको में प्रथम दिवस की प्रतियोगिता का आयोजन संपन्न हुआ। पहले दिवस कबड्डी एवं 100 मीटर दौड़ की प्रतियोगिता आयोजित की गई। दोनों प्रतियोगिताओं में बालिका/महिला वर्ग के लगभग 750 प्रतिभागी सम्मिलित हुए। कबड्डी खेल में कोरबा जिले से लगभग 20 टीम ने शिरकत की जिसमें बालको की टीम ने प्रथम स्थान और शिक्षा विभाग कोरबा ने द्वितीय स्थान ने प्राप्त किया। 100 मी. दौड़ में बालिका वर्ग से साक्षी शर्मा ने पहला स्थान और मुस्कान महंत ने दूसरा स्थान हासिल किया। साथ ही महिला वर्ग ने भी इन प्रतियोगिताओं में बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि महिला बाल विकास अधिकारी कोरबा श्रीमती प्रीति खोखर चखियार उपस्थित थी।

# समय सीमा में संयंत्र नहीं लगाने वाले उद्योगों को जारी करें नोटिसः उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन

-संवाददाता-
कोरबा,07 मार्च 2024
(घटती-घटना)।

उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन ने उद्योग के नाम पर जमीन लेने के लिए बाद भी उद्योग नहीं लगाने वाले उद्योगपतियों को तीन दिन के भीतर नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रदेश के सभी जिलों के उद्योग और व्यापार केन्द्र के प्रबंधकों की बैठक लेकर निर्देश दिया। बैठक में अनुपस्थित नारायणपुर के जिला व्यापार उद्योग केन्द्र के प्रबंधक कमल सिंह मीणा को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। बैठक में वाणिज्य एवं उद्योग विभाग के



सचिव मोहम्मद कैसर अब्दुल हक, संचालक उद्योग पी. अरूण प्रसाद, संयुक्त सचिव एवं अपर संचालक उद्योग अलोक त्रिवेदी, प्रवीण शुक्ला, संतोष भगत सहित जिलों से आए अधिकारी उपस्थित थे।

उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने सभी जिलों से आए महाप्रबंधको को निर्देश देते हुए कहा की प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री की सोच है कि ज्यादा से ज्यादा हाथों में रोजगार हो, हमें रोजगार के साथ उनको काबिल भी बनाना है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में ज्यादा से ज्यादा उद्योग लगे, जिससे युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़े। उद्योग मंत्री ने कहा कि जमीन आबंटन के बाद भी अगर उद्योग स्थापित नहीं हुए हैं, ऐसे उद्योगों के अधिकृत व्यक्ति को नोटिस जारी करें और अगर फिर भी उद्योग नहीं लगाया गया तो जमीन आबंटन निरस्त करने की कारवाई करें। राज्य की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने में उद्योग-धंधा सहायक हो सकता है। राज्य सरकार द्वारा शीघ्र की नई औद्योगिक नीति 2024-2029 लागू की जाएगी।

उद्योग मंत्री ने कहा कि विभाग के अधिकारी शासन के विभिन्न योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन करे, जिससे आम लोगों को इसका लाभ मिलें। उन्होंने कहा कि प्रदेश में स्थापित होने वाले उद्योगों में स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता से कार्य मिले, इसका विशेष ध्यान रखें। उन्होंने कहा कि विभाग के सभी अधिकारी एवं मैदानी क्षेत्रों पदस्थ अधिकारी बेहतर कार्य करें।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित तीन दिवसीय जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता का समापन

## सभी खेल विधा के विजेता खिलाड़ियों को किया गया पुरस्कृत

-संवाददाता-
सुरजपुर,07 मार्च 2024
(घटती-घटना)।

जिला प्रशासन तथा खेल एवं युवा कल्याण विभाग सूरजपुर के संयुक्त तत्वाधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2024 के अवसर पर रोहित व्यास कलेक्टर सूरजपुर के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 05 से 07 मार्च 2024 तक किया गया। जिसका समापन स्टेडियम ग्राउण्ड सूरजपुर में श्रीमती शकुंतला पोर्ते विधायक प्रतापपुर क्षेत्र के मुख्य आतिथ्य में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एम.आर. अहिरे पुलिस अधीक्षक सूरजपुर ने की तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में शशिकांत गर्ग भाजपा मण्डल प्रभारी, अभय तिवारी भाजयुमो जिला मंत्री, संजू सोनी युवा मोर्चा मंडल महामंत्री, रजनीकांत व विश्वजीत युवा मोर्चा सदस्य उपस्थित रहे। तीन दिवसीय जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता के



एथलेटिक्स विधा में अंजू सिंह, बैडमिंटन में प्रेरणा, वॉलीबाल में बरपारा की टीम, कबड्डी व खो-खो में पचिरा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। मुख्य अतिथि द्वारा प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त विजेता खिलाड़ियों को मेडल, प्रमाण पत्र व मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा सरस्वती माता की प्रतिमा पर दीप प्रज्जवलन कर किया गया तत्पश्चात् अतिथियों के स्वागत में माध्यमिक शाला रूनियाडीह के छात्राओं द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। सेजेस नवापारा एवं प्रा.शाला बरपारा के विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बच्चों द्वारा प्रस्तुत किये गये सांस्कृतिक नृत्य से मंत्रमुग्ध होकर माननीय विधायक महोदया द्वारा प्रोत्साहन राशि प्रदाय किया गया। इस दौरान जिला स्तरीय महिला खेल प्रतियोगिता को सफलतापूर्वक संपन्न करने वाले ऑफिसियल्स को सेवा सम्मान के रूप में मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर नागरिक व प्रशासन के मध्य सद्भावना रस्साकस्सी मैच का आयोजन भी किया गया, जिसमें विधायक महोदया ने भी भाग लिया। कार्यक्रम में मंच संचालन सीमांचल त्रिपाठी तथा आभार प्रदर्शन श्रीमती शिवानी जायसवाल डिप्टी कलेक्टर सूरजपुर द्वारा किया गया। इस अवसर पर सुश्री हीना टंडन नायब तहसीलदार सूरजपुर, शरदेन्दु कुमार शुक्ला सहा. जिला क्रीड़ा अधिकारी, राजनाथ गुप्ता, दिनेश साहू, सेलिना मिंज, समीरा केरकेट्टा, अनमोल तिग्गा, श्रीमती सुनैना जायसवाल, बालेन्द्र साहू, भास्कर यादव, रामसुभाष राजवाडे, सहदेव राम रवि, राजलाल प्रजापति, प्रभाशंकर प्रसाद, संगीता राजवाड़े, कजामनी, पंकज डोंगरे, महेन्द्र सिंह, आयुष ठाकुर, अनुभव उपाध्याय सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थिति रहे। कार्यक्रम के सफलतापूर्वक संचालन में जिला प्रशासन, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, नगर पालिका आदि का विशेष सहयोग रहा।

# सूरजपुर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शोभराज अग्रवाल को स्थानान्तरण पर दी गई विदाई



-संवाददाता-
सुरजपुर,07 मार्च 2024
(घटती-घटना)।

जिले में बेहतर पुलिसिंग कर अपनी एक खास पहचान बनाने तथा सदैव विभाग के कार्यो के प्रति जवाबदेह रहे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सूरजपुर शोभराज अग्रवाल को स्थानान्तरण पर पुलिस परिवार सूरजपुर के द्वारा गुरूवार, 07 मार्च 2024 को विदाई देते हुए स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। विदित हो कि बीते दिन छत्तीसगढ़ शासन गृह (पुलिस)विभाग के द्वारा श्री शोभराज अग्रवाल का स्थानान्तरण अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, मुख्यमंत्री सुरक्षा रायपुर के पद पर हुआ है।

इस अवसर पर उप पुलिस महानिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री एम.आर.आहिरे (भा.पु.से.) ने कहा कि एएसपी शोभराज अग्रवाल अच्छे पुलिस अधिकारी है, सभी से बेहतर समन्वय बनाकर अपने पदीय कर्तव्यों का निर्वहन लगन व सतर्कता के साथ निभाया। जिले में बेहतर कार्य कर अपनी विशेष पहचान बनाया तथा पुलिस के कार्यवाहियों व अभियानों में इनकी सक्रियता दिखती थी इससे लोगों में पुलिस के प्रति विश्वास और बढ़ा है। उमनि/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने नई जिम्मेदारी के लिए उन्हें शुभकामनाएं दी। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश पाटनवार, सीएसपी एस.एस.पैंकरा, डीएसपी मुख्यालय महालक्ष्मी कुलदीप, डीएसपी रामश्रृंगार यादव, थाना-चौकी प्रभारीगण, जिला पुलिस कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# सहायक व्यय प्रेक्षक,लेखा टीम,वीडियो अनुश्रवण दल,वीडियो निगरानी दल, उड़नदस्ता दल एवं स्थैतिक निगरानी दल के द्वितीय चरण का प्रशिक्षण

-संवाददाता-
सुरजपुर,07 मार्च 2024
(घटती-घटना)।

जिला कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रोहित व्यास के निर्देशानुसार मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सूरजपुर (नोडल प्रशिक्षण) श्रीमती कमलेश नंदनी साहू एवं निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण के नोडल अपर कलेक्टर श्रीमती नयनतारा सिंह तोमर के मार्गदर्शन में आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण तन्त्र के अंर्तगत आने वाले सहायक व्यय प्रेक्षक, लेखा टीम, विडियो अनुश्रवण दल, वीडियो निगरानी दल, उड़नदस्ता दल एवं स्थैतिक निगरानी दल को द्वितीय चरण का प्रशिक्षण दिया गया। उक्त प्रशिक्षण में अनिल कुमार बारी जिला कोषालय अधिकारी एवं जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर विनोद कुमार साहू सहायक प्राध्यापक द्वारा सभी टीमों के कार्य एवं दायित्वों को विस्तार से अवगत कराया गया। सभी टीमों के द्वारा किये जाने वाले कार्यों एवं निर्धारित प्रपत्रों को भरने संबंधित समस्त जानकारी को विस्तार पूर्वक बताया गया। अन्त में प्रशिक्षण दलों के प्रभारी अधिकारियों द्वारा पूछे गये प्रश्नों का समाधान भी किया गया।

साथ ही उमेश सिंह आयाम सहायक प्रोग्रामर, जिला निर्वाचन कार्यालय सूरजपुर एवं मोहितेश्वर साहू ई.डी.एम. द्वारा उक्त संबंधित टीमों को ईएसएमएस एप्प एवं सी विजिल एप्प के संचालन हेतु उनके कार्य एवं उत्तरदायित्व के बारे में विस्तार से बताया गया।सी विजिल एप्प एक उपभोक्ता अनुकूल एंड्रॉइड



एप्लिकेशन है जिसे संचालित करना आसान है, जिसका उपयोग उपचुनाव, विधानसभा, संसदीय निर्वाचनों की अधिसूचनाओं की तारीख से उल्लंघनों की रिपोर्टिंग के लिए किया जा सकता है। इस एप्प की विशिष्टता यह है कि यह केवल लाइव फोटो, वीडियो और एप्प के भीतर से ऑटो लोकेशन ही कैप्चर करता है ताकि फ्लाइंग स्क्वॉड को समयबद्ध तरीके से कार्य करने के लिए डिजिटल साक्ष्य मिलना सुनिश्चित हो सके।

# बारहवीं की परीक्षा सफलतापूर्वक हुई संचालित

-संवाददाता-
सुरजपुर,07 मार्च 2024
(घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर के द्वारा सत्र 2023-24 में आयोजित हायर सेकण्डरी स्कूल मुख्य परीक्षा कक्षा 12वीं के विषय इतिहास, व्यवसाय अध्ययन, कृषि विज्ञान के तत्व एवं गणित, ड्राईग एंड पेंटिग, आहार एवं पोषण की



परीक्षा जिले के निर्धारित 74 परीक्षा केन्द्रो में सफलता पूर्वक संचालित किया गया। जिसमें कुल दर्ज 3574 परीक्षार्थियों में से 74 अनुपस्थित रहें। श्री रामललित पटेल शिक्षा अधिकारी एवं श्री रविन्द्र सिंहदेव सहायक संचालक के द्वारा शा. कन्या उ.मा.वि. भैयाथान एवं शा. बालक उ.मा.वि. भैयाथान के परीक्षा केन्द्र का औचक निरीक्षण किया गया। श्री शशिकांत सिंह जिला मिशन समन्वयक सूरजपुर के द्वारा शा.उ.मा.वि बसदेई एवं शा.उ.मा.वि डुमरिया वि.खण्ड सूरजपुर का निरीक्षण किया गया। समस्त परीक्षा केन्द्रों में परीक्षा सुचारू एवं शांतिपूर्वक संचालित होना पाया गया।

**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202402020700136**

विषयः-ब-121 मामले की श्रेणीः-राजस्व
सन्: 2023-2024
नमनाकला प.ह.न. 00020 [(हे0)]
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार- राजकुमारी,
अनावेदक पक्षकार - छ0ग0 शासन

ईश्तहार

आवेदक राजकुमारी पिता लक्ष्मी प्रसाद केरकेट्टा निवासी ग्राम नमनाकला, तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा ग्राम नमनाकला स्थित भूमि खसरा नंबर 504/2 रकबा 0.032 हे0 भूमि का नक्शा काटे जाने हेतु आवेदन पेश किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 15/03/2024 के पूर्व न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 13/02/2024 को जारी किया जाता है।

सील — तहसीलदार अम्बिकापुर,सरगुजा

**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ0ग0)**

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक लेओनार्ड कुजूर आ0 सिमोन कुजूर निवासी गोधनपुर थाना गांधीनगर तहसील अम्बिकापुर ने कराया है कि आवेदक के (पिता) सिमोन कुजूर स्व0 सुलेमान कुजूर की दिनांक 23/12/2011 को स्थान गांधीनगर अम्बिकापुर में हुई है।

आवेदक के मृत्यु उपरांत मृत्यु का पंजीयन नहीं कराया गया है। अतः प्रमाण-पत्र की आवश्यकता होने पर यह आवेदन पेश किया गया है।

उक्त संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन से 15 दिवस तक न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समय-सीमा के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 21/02/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी।

सील — तहसीलदार, अम्बिकापुर,सरगुजा

**न्यायालय नायब तहसीलदार अम्बिकापुर-02 जिला सरगुजा छ0ग0**

रा.प्र.क्र. 20211002170071/ अ-63/2021-22

आम सूचना पत्र

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि पक्षकार अनिता टोप्पो पति जोवाकिम टोप्पो, निवासी ग्राम भगवानपुरखुर्द, तहसील अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा छ0ग0 को सूचित किया जाता है कि आवेदिका अम्बिका सिंह मराबी आ0 सिर दयाल मराबी, निवासी ग्राम भगवानपुरखुर्द, तहसील अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा छ0ग0 के द्वारा ग्राम भगवानपुरखुर्द स्थित भूमि खसरा 79/19 रकबा 0.020 हे0 के राजस्व अभिलेखों में दर्ज अनिता टोप्पो पति जोवाकिम टोप्पों का नाम विलोपित कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त संबंध में यदि आपको कोई आपत्ति हो तो आप स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दिनांक 08/04/2024 को अपना पक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि में यदि आपके द्वारा कोई दावा प्रस्तुत नहीं किया जाता है, तो यह समक्ष लिया जायेगा कि उक्त भूमि के राजस्व अभिलेखों में दर्ज अनिता टोप्पो पति लोवाकिन टोप्पो का नाम विलोपित किए जाने से आपको कोई आपत्ति नहीं है, और प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।

आज दिनांक 28/02/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पद मुद्रा से जारी

सील — नायब तहसीलदार, अम्बिकापुर-2

**न्यायालय नजूल अधिकारी अम्बिकापुर जिला सरगुजा,छ0ग0**

रा.प्र.क्र.202402021200 /अ-6-अ/2023-24

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुधीर कुमार यादव, आ0 अमरनाथ यादव, निवासी-कबीर वार्ड दर्रीपारा, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा छ0ग0 के द्वारा बताया गया है, कि अनावेदक/विक्रेता के स्वामित्व एवं हक की शीट नम्बर 11 मोहल्ला-लखनपुर रोड, नगर-अम्बिकापुर स्थित नजूल भू-खण्ड क्रमांक 4531/10 रकबा 0.051/2 एकड़ में से रकबा 600 वर्गफीट भूमि को पंजीबद्ध विक्रय पत्र पंजीयन दिनांक 19/02/2024 के माध्यम से अनावेदक-मदनलाल गोयल आ0स्व0 दिलीप चन्द्र अग्रवाल निवासी-गेहूं बाड़ी जेल रोड, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा, छ0ग0 से आवेदक द्वारा क्रय किया गया है। अतः विक्रय पत्र पंजीयन दिनांक 19/02/2024 के आधार पर आवेदक का नाम दर्ज किए जाने बाबत् आवेदन पत्र अर्न्तगत धारा 109, 110, छ0ग0 भू-राजस्व संहिता 1959 के तहत प्रस्तुत किया गया है।अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो वे अपना लिखित दावा/आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 27/03/2024 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 05/03/2024 को मेरे न्यायालयीन मुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया।

सील — नजूल अधिकारी अम्बिकापुर

**न्यायालय नायब तहसीलदार अम्बिकापुर-02 जिला सरगुजा छ0ग0**

रा.प्र.क्र. /अ-6-अ/2023-24

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक जूठन राम आ0 बुढिया, जाति चेरवा, निवासी ग्राम असोला, तहसील अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ0ग0) के द्वारा छ0ग0 भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा, 115, 116, के अंतर्गत, आवेदन श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी (रा0) अम्बिकापुर के समक्ष प्रस्तुत कर बताया गया है कि आवेदक के स्वामित्व एवं आधिपत्य की ग्रम सोनपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 3/10 रकबा 0.308 हे0 जिसे आवेदक द्वारा पंजीबद्ध विक्रयपत्र के माध्यम से क्रय किया गया है। जिसका नामांतरण भी आवेदक द्वारा पंजीबद्ध विक्रयपत्र के माध्यम से क्रय किया गया है। जिसका नामांतरण भी आवेदक के पक्ष में किया जा चुका था, किन्तु वर्तमान राजस्व अभिलेखों में त्रुटिवश दर्ज विक्रेता बिहारी आ0 बंशी के नाम पर दर्ज हो गया है। आवेदक द्वारा त्रुटिवश दर्ज विक्रेता बिहारी आ0 बंशी को विलोपित करते हुए अपना नाम दर्ज किये जाने हेतु निवेदन किया गया है। जो जांच व प्रतिवेदन हेतु इस नयायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 12/04/2024 को न्यायालय में स्वय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 06/03/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

सील — नायब तहसीलदार, अम्बिकापुर-2

**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202402020700271**

विषयः-अ-6 मामले की श्रेणीः-राजस्व
सन्: 2023-2024
गंगापुरखुर्द प.ह.न. 00021 [(हे0)]
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार- प्रियांशु खेश
अनोवदक पक्षकार - श्विासी खेस, अल्फकिरन कुजूर,

ईश्तहार

आवेदक प्रियांशु खेस आ0 स्व0 जुवेल खेस, निवासी ग्राम इदरीकला, पोस्ट चान्दो, तहसील सामरी कुसमी, जिला बलरामपुर छ0ग0 के द्वारा ग्राम गंगापुरखुर्द स्थित खसरा नंबर 3/7,4/4 रकबा क्रमशः 0.098, 0.020 हे0 भूमि के राजस्व अभिलेखों से मृत भूमि स्वामी स्व0 विश्वासी खेस का नाम विलोपित कर फौती नामांतरण दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत कया गया है, जिसका निराकरण नायायालय में साक्ष्य लिया जाकर गुण दोष के आधार पर करने हेतु ऑनलाईन ई नामांतरण पंजी से प्रकरण ई कोर्ट में स्थानांतरित किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 18/03/2024 के पूर्व न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थि होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 22/02/2024 को जारी किया जाता है।

सील — तहसीलदार अम्बिकापुर,सरगुजा

**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202402020700270**

विषयः-अ-6 मामले की श्रेणीः-राजस्व
सन्: 2023-2024
नमनाकला प.ह.न. 00020 [(हे0)]
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार- राज नारायण प्रसाद
अनोवदक पक्षकार - अध्यक्ष महामाया कर्मचारी गृह निर्माण सहकारी समिति

ईश्तहार

आवेदक राज नारायण प्रसाद आ0 स्व0 रामेश्वर प्रसाद व अन्य, निवासी शिवधारी कालोनी, अम्बिकापुर, तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा ग्राम नमनाकला स्थित खसरा नंबर 2/15,2/16,2/17 रकबा 40×60=2400 वर्गफीट भूमि के राजस्व अभिलेखों से मृत भूमि स्वामी स्व0 रामेश्वर प्रसाद का नाम विलोपित कर फौती नामांतरण दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, जिसका निराकरण न्यायालय में साक्ष्य लिया जाकर गुण दोष के आधार पर करने हेतु ऑनलाईन ई नामांतरण पंजी से प्रकरण ई कोर्ट में स्थानांतरित किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 18/03/2024 के पूर्व न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थि होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 22/02/2024 को जारी किया जाता है।

सील — तहसीलदार अम्बिकापुर,सरगुजा

CMYK

# कुलदीप यादव ने तोड़ा 45 साल पुराना रिकॉर्ड

## भारतीय स्पिन के आगे अंग्रेजों ने टेके घुटने




**धर्मशाला,07 मार्च 2024।** भारत और इंग्लैंड के बीच धर्मशाला में पांचवा टेस्ट मैच पहले ही दिन रोमांचक मोड़ पर पहुंच गया है। पांचवें में टेस्ट मैच के पहले दिन इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। भारतीय स्पिन गेंदबाजों के आगे इंग्लैंड के बल्लेबाज बेबस नजर आए और पूरी टीम महज 218 रनों पर ऑल आउट हो गई।

कुलदीप का कमाल इस पारी में भारतीय टीम के चाइनामैन गेंदबाज कुलदीप यादव ने सबसे अधिक विकेट चटकाए। 29 साल के कुलदीप यादव ने इंग्लैंड के खिलाफ पांच विकेट लेने में कामयाबी हासिल की। कुलदीप यादव की शानदार गेंदबाजी के आगे इंग्लैंड के बल्लेबाज बेबस नजर आए।

### बनाया ये बड़ा रिकॉर्ड

टेस्ट मैच के पहले दिन कुलदीप यादव ने एक बड़ा रिकॉर्ड भी अपने नाम कर लिया है। कुलदीप यादव ने भारत के पूर्व कप्तान बिशन सिंह बेदी के 45 साल पुराने रिकॉर्ड को तोड़ दिया है। भारत के लिए इंटरनेशनल क्रिकेट में बिशन सिंह बेदी ने 77 मैच खेलते हुए 273 विकेट चटकाए थे। कुलदीप यादव अब विकेट लेने के मामले में बिशन सिंह बेदी से आगे निकल गए हैं।

### अश्विन ने भी झटके चार विकेट

इंग्लैंड के खिलाफ धर्मशाला टेस्ट में दो विकेट हासिल करते ही कुलदीप यादव ने बिशन सिंह बेदी को पीछे छोड़ दिया। कुलदीप ने 150 मैच खेलते हुए 275 विकेट अपने नाम कर लिए हैं। कुलदीप यादव धर्मशाला में विकेट लेकर यह रिकार्ड अपने नाम किया। कुलदीप यादव ने सबसे अधिक पांच विकेट लिए। अश्विन ने भी कमाल की गेंदबाजी की। आर अश्विन ने इंग्लैंड के चार बल्लेबाजों को पवेलियन भेजने का काम किया।

### इंग्लैंड की प्लेइंग-11 इंग्लैंड

जैक क्राउली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, जॉनी बेयरस्टो, बेन स्टोक्स (कप्तान), बेन फोक्स (विकेटकीपर), शोएब बशीर, टॉम हार्टले, मार्क वुड, जेम्स एंडरसन।

### भारत की प्लेइंग-11 भारत

यशस्वी जायसवाल, रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, सरफराज खान, देवदत्त पडिक्कल, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), रवींद्र जडेजा, रविचंद्रन अश्विन, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज।




# 100 टेस्ट खेलने वाले भारत के 14 वें खिलाड़ी बने अश्विन

**धर्मशाला,07 मार्च 2024।** भारत के अनुभवी ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने अपने करियर में एक और उपलब्धि हासिल की। वह 100 टेस्ट खेलने वाले भारत के 14वें खिलाड़ी बने गए हैं।

गुरुवार को धर्मशाला के हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें और अंतिम टेस्ट में मैदान पर उतरने के साथ ही अश्विन ने यह रिकॉर्ड अपने नाम किया।

इस मौके पर भारत के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने अश्विन को एक विशेष स्मृति चिन्ह भेंट की।

राजकोट में तीसरे टेस्ट के दौरान अश्विन अनिल कुंबले के बाद 500 टेस्ट विकेट लेने वाले दूसरे भारतीय गेंदबाज बन गए। साथ ही वो मुथैया मुरलीधरन, शेन वॉर्न, जेम्स एंडरसन, स्टुअर्ट ब्रॉड, कुंबले, ग्लेन मैकग्रा, कर्टनी वॉल्श जैसे गेंदबाजों के विशिष्ट क्लब में शामिल हो गए।

वह मुरलीधरन के बाद 100 से कम टेस्ट मैचों में 500 विकेट हासिल करने वाले दूसरे गेंदबाज भी बने।

2011 में टेस्ट क्रिकेट में डेब्यू करने वाले 37 वर्षीय खिलाड़ी ने 507 टेस्ट विकेट लिए हैं। उन्होंने इस प्रारूप में 26.47 की बल्लेबाजी औसत के साथ 3309 रन भी बनाए हैं। जिसमें पांच शतक और 14 अर्द्धशतक शामिल हैं।


केवल नाथन लियोन (527 विकेट) ने इस प्रारूप में उनसे अधिक विकेट लिए हैं।

अश्विन ने रांची टेस्ट में टेस्ट क्रिकेट में अपना 35 वां पांच विकेट लेने का कारनामा किया और टेस्ट क्रिकेट में किसी भारतीय द्वारा सर्वाधिक पांच विकेट लेने के कुंबले के रिकॉर्ड की बराबरी की।भारत के महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर के नाम 200 टेस्ट मैचों के साथ अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर इस प्रारूप में सर्वाधिक मैचों का रिकॉर्ड है।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### यूएस किड्स मलेशियाई गोल्फ चैंपियनशिपः अर्शवंत 4 शॉट से आगे, 5 भारतीय शीर्ष 3 में

**कुआलालंपुर,07 मार्च 2024।** भारत के अर्शवंत श्रीवास्तव ने यूएस किड्स मलेशियाई चैंपियनशिप के शुरुआती दिन लड़कों के 13-14 आयु वर्ग में 3-अंडर 69 के दिन के सर्वश्रेष्ठ कार्ड के साथ ग्लेनमेरी गोल्फ एंड कंट्री क्लब में धमाकेदार प्रदर्शन किया। सात सदस्यीय भारतीय टीम के लिए शुरूआती दिन अच्छा रहा। जबकि अर्शवंत ने अपने समूह का नेतृत्व किया, चार अन्य भारतीय तीन दिवसीय कार्यक्रम के पहले दिन के बाद शीर्ष -3 में थे, जिसमें डब्ल्यूएजीआर अंक होते हैं और वर्ष के अंत में यूएस किड्स वर्ल्ड चैंपियनशिप और यूरोपीय चैंपियनशिप में प्रवेश के लिए प्राथमिकता अंक मिलते हैं। 14 वर्षीय अर्शवंत, जिनके कोच अमित दुबे उनके साथ थे, ने दो बोगी के मुकाबले पांच बर्डी के साथ 69 रन बनाए, जिनमें से दूसरा 6,256-यार्ड कोर्स पर मुश्किल 18वें होल पर आया। उन्होंने दूसरे, छठे, नौवें, 13वें और 17वें होल पर बर्डी लगाई, जबकि आठवें और 18वें पर शॉट गिराए। अर्शवंत दो कोरियाई लड़कों वूसुंग सन (73) और जियोन कांग (74) से क्रमशः चार और पांच शॉट से आगे रहे।



### नडाल के हटने से इंडियन वेल्स में सुमित नागल को मुख्य ड्रॉ में जगह मिली

**इंडियन वेल्स,07 मार्च 2024।** स्पेनिश सुपरस्टार राफेल नडाल के उच्चतम स्तर पर खेलने की तैयारी की कमी का हवाला देते हुए प्रतियोगिता से हटने के बाद भारतीय टेनिस स्टार सुमित नागल भाग्यशाली हारे हुए खिलाड़ी के रूप में बीएनपी परिबास ओपन के मुख्य ड्रॉ में पहुंच गए हैं।26 वर्षीय नागल क्वालीफाइंग टूर्नामेंट के दूसरे दौर में हार गए थे, लेकिन उन्हें बड़ा ब्रेक मिला क्योंकि वह उस ड्रॉ में सर्वोच्च रैंक वाले खिलाड़ी थे। वह वर्तमान में एटीपी रैंकिंग में 101वें स्थान पर हैं और अंतिम समय में मुख्य ड्रा से हटने की स्थिति में वह आगे बढ़ने के हकदार थे।भारतीय खिलाड़ी शुक्रवार सुबह कनाडा के मिलोस राओनिक से भिड़ेंगे, जो 2016 विंबलडन फाइनलिस्ट हैं, जो सुरक्षित रैंकिंग पर हैं।



# आईपीएल 2024 के बाद रिटायरमेंट लेंगे दिनेश कार्तिक


**नई दिल्ली,07 मार्च 2024।** भारत के विकेटकीपर-बल्लेबाज दिनेश कार्तिक आईपीएल करियर को समाप्त करने के लिए तैयार हैं। कार्तिक रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के लिए अपना आखिरी आईपीएल सीजन खेलेंगे।

रिपोर्ट के मुताबिक, कार्तिक अपने अंतरराष्ट्रीय भविष्य पर भी जल्द ही अंतिम फैसला लेंगे।

विकेटकीपर-बल्लेबाज, जिन्होंने दिल्ली डेयरडेविल्स (अब दिल्ली कैपिटल्स) के साथ अपनी आईपीएल यात्रा शुरू की, उन सात खिलाड़ियों की एक प्रतिष्ठित सूची में शामिल हैं, जिन्होंने 2008 में इसकी शुरुआत के बाद से हर आईपीएल सीजन् में भाग लिया है।

इस लिस्ट में एमएस धोनी, विराट कोहली, रोहित शर्मा, शिखर धवन, रिद्धिमान साहा और मनीष पांडे जैसे प्रसिद्ध नाम शामिल हैं।

कार्तिक आईपीएल के अब तक हुए 16 सीजन में केवल दो मैचों को ही मिस किए हैं। वह अपने पहले सीजन में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ नहीं खेल पाए थे। वहीं दूसरा मैच पिछले साल यानी 2023 में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ लीग मैच था जिसमें वह बाहर बैठे थे।



आरसीबी के साथ कार्तिक का वर्तमान कार्यकाल बेंगलुरु स्थित फ्रेंचाइजी के साथ उनका दूसरा कार्यकाल है। उन्होंने 2015 में उनके साथ खेला था, जब उन्हें 10.5 करोड़ रुपये में खरीदा गया था।


लीग के 2022 संस्करण से पहले उन्हें केकेआर द्वारा रिलीज़ किया गया था और वह आईपीएल मेगा नीलामी के लिए उपलब्ध थे। उन्हें आरसीबी ने 5.5 करोड़ रुपये में खरीदा था।

कुल मिलाकर, उन्होंने अपने आईपीएल करियर के दौरान छह टीमों का प्रतिनिधित्व किया है। 2011 में किंग्स इलेवन पंजाब में जाने से पहले उन्होंने 2008 में दिल्ली डेयरडेविल्स के साथ शुरुआत की।

2014 में दिल्ली वापस जाने से पहले उन्होंने मुंबई इंडियंस के साथ दो सीजन् बिताए। आरसीबी ने उन्हें 2015 में हासिल किया और वह 2016 और 2017 में गुजरात लायंस के लिए खेले। जबकि केकेआर के साथ कार्तिक ने चार सीजन् बिताए।

आरसीबी 23 मार्च को अपने घरेलू मैदान एम ए चिदंबरम स्टेडियम में गत चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ टूर्नामेंट का पहला मैच खेलेगी।

# अश्विन से सीखा,नए कौशल सीखने का कोई अंत नहीं : गिल




**धर्मशाला,07 मार्च 2024।** भारत और इंग्लैंड के बीच खेली जा रही टेस्ट सीरीज के 5वें और आखिरी मैच में रविचंद्रन अश्विन ने 100 टेस्ट खेलने की खास उपलब्धि अपने नाम की। इस मौके पर शीर्ष क्रम के युवा बल्लेबाज शुभमन गिल ने कहा कि उन्होंने भारत के अनुभवी ऑफ स्पिनर से सीखा है कि नए कौशल सीखने का कोई अंत नहीं है।

नवंबर 2011 में डेब्यू करने वाले अश्विन भारत के लिए 100 टेस्ट मैच खेलने वाले 14वें भारतीय खिलाड़ी बन गए हैं।

अनुभवी ऑफ स्पिनर मुथैया मुरलीधरन के बाद 100 से कम टेस्ट मैचों में 500 विकेट हासिल करने वाले दूसरे गेंदबाज भी हैं।गिल ने कहा, वह एक शानदार, अद्भुत गेंदबाज है और इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि वह एक ऐसे व्यक्ति हैं, जो हमेशा अपने खेल में सुधार करना और नए कौशल जोड़ना चाहते हैं, चाहे वह बल्लेबाजी हो या गेंदबाजी।

मैंने उनसे एक बात सीखी है कि भले ही आप इतने सालों तक भारत के लिए खेले हैं। फिर भी आप अपने खेल में कुछ नया जोड़ना चाहते हैं और अपने कौशल में बदलाव लाना चाहते हैं। यही कारण है कि वह दुनिया के अब तक देखे गए सर्वश्रेष्ठ स्पिनरों में से एक है।

यह पूछे जाने पर कि क्या भारत श्रृंखला 4-1 से जीत सकता है। गिल ने कहा, हमने जो भी चार मैच खेले हैं उनमें ऐसे क्षण थे जब चीजें या तो 50-50 थी या कुछ दिन हम पीछे रह गए होंगे।लेकिन जिस तरह से टीम ने वापसी की है वह निर्णायक मोड़ है। जिस तरह से नए खिलाड़ियों ने प्रदर्शन किया, वो शानदार है। मुझे लगता है कि वह निर्णायक मोड़ है।गिल ने चार मैचों में 342 रन बनाए हैं, जिसमें दूसरी पारी में विशाखापत्तनम में 104, राजकोट में 91 और रांची में नाबाद 52 रन जैसे प्रभावशाली प्रदर्शन शामिल हैं जहां उन्होंने ध्रुव जुरेल के साथ 72 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी की थी।

## एंडी मरे ने गोफिन पर जीत के साथ अपने इंडियन वेल्स अभियान की शुरुआत की

**कैलिफोर्निया,07 मार्च 2024।** दुबई में अपनी 500वीं हार्ड-कोर्ट जीत के ठीक एक हफ्ते बाद, ब्रिटिश टेनिस आइकन एंडी मरे ने बुधवार देर रात अनुभवी डेविड गोफिन पर जीत के साथ अपने इंडियन वेल्स अभियान की शुरुआत की। मरे ने गोफिन को 6-3, 6-2 से हराया, जिससे बेल्जियम के खिलाफ उनका आमने-सामने का रिकॉर्ड 8-0 हो गया। 2024 सीज़न की ख़राब शुरुआत और चार मैच हारने के बाद, मरे ने अब अपने पिछले तीन पहले दौर के खेलों में से प्रत्येक में जीत हासिल की है। मजबूत सर्विसिंग इस जीत की कुंजी थी क्योंकि 36 वर्षीय खिलाड़ी ने पहले सर्विंग में 85 प्रतिशत (23/27) अंक हासिल किए और मैच के दौरान उन्हें ब्रेक प्वाइंट का सामना नहीं करना पड़ा।




## फ्रेंच ओपन बैडमिंटन 2024ः पीवी सिंधु वापसी के साथ प्री-क्वार्टर में पहुंचीं

**पेरिस,07 मार्च 2024।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु ने चल रहे फ्रेंच ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के पहले दौर के मैच में कनाडा की मिशेल ली के खिलाफ शानदार वापसी करते हुए शानदार जीत हासिल की।पेरिस के पोर्ट डे ला चैपल एरेना में 80 मिनट तक चले मैराथन मैच में उन्होंने मिशेल को 20-22, 22-20, 21-19 से हराया।यह बैडमिंटन वर्ल्ड फेडरेशन (बीडब्ल्यूएफ) वर्ल्ड टूर पर सिंधु का वापसी मैच था, क्योंकि घुटने की चोट के कारण वह पिछले साल चार महीने तक एक्शन से बाहर रहीं थीं। ओलंपिक्स डॉट कॉम के अनुसार, वह पिछले महीने मलेशिया में महिला टीम के साथ बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप हासिल करके हाल ही में कोर्ट पर वापस आई हैं।




## इंडियन वेल्स ओपन से हट गए राफेल नडाल



**कैलिफ़ोर्निया,07 मार्च 2024।** स्पैनिश टेनिस के दिग्गज राफेल नडाल ने अपने पहले दौर के मैच की पूर्व संध्या पर चल रही इंडियन वेल्स ओपन प्रतियोगिता से यह कहते हुए नाम वापस ले लिया कि वह उच्चतम स्तर पर खेलने के लिए तैयार नहीं हैं। 37 वर्षीय अनुभवी ने इस जनवरी में ब्रिस्बेन में प्रतिस्पर्धी टेनिस में वापसी की, जब हिप फ्लेक्सर की चोट के कारण उन्हें लगभग एक साल तक बाहर रहना पड़ा। एक बार फिर मांसपेशियों में खिंचाव के कारण वह ऑस्ट्रेलियन ओपन से चूक गए।

# कुणाल खेमू की मडगांव एक्सप्रेस का ट्रेलर जारी

## जिंदगी में आए तूफान से कैसे निपटेंगे तीन दोस्त

अभिनेता कुणाल खेमू अब अपनी पहली फिल्म मडगांव एक्सप्रेस के साथ निर्देशन की दुनिया में कदम रख रहे हैं। मडगांव एक्सप्रेस का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। हाल ही में फिल्म का प्रोमो जारी किया गया था, जिसे देख दर्शक उत्साहित हो गए थे। वहीं, अब निर्माताओं ने फिल्म का ट्रेलर जारी कर दिया है, जो कॉमेडी से भरपूर है।इस फिल्म में अभिनेता प्रतीक गांधी, अविनाश तिवारी और दिव्येंदु सहित कई शानदार कलाकार शामिल हैं। प्रतीक गांधी स्कैम 1992, अविनाश तिवारी बंबई मेरी जान और दिव्येंदु शर्मा मिर्जापुर में अपनी भूमिका के लिए मशहूर हैं। अब ये तीनों कलाकार दर्शकों के सामने अपना अलग अंदाज दिखाने के लिए तैयार हैं। यह ट्रेलर हंसी-मजाक से भरपूर है, जो तीन दोस्तों की गोवा की यात्रा को दिखता कि है कैसे वे जिंदगी में मजे करने के चक्कर में गोवा जाने की योजना बनाते हैं, लेकिन उनकी हंसती-खेलती जिंदगी में अचानक तूफान आ जाता है।मडगांव एक्सप्रेस बचपन के तीन दोस्तों की यात्रा की कहानी है, जो गोवा की यात्रा पर निकलते हैं, लेकिन उनकी जिंदगी पूरी तरह से पटरी से उतर जाती है। मडगांव एक्सप्रेस में ये कलाकार यानी प्रतीक गांधी पिंकू, अविनाश तिवारी आयुष और दिव्येंदु डोडो का किरदार निभाएंगे। यह तीनों बचपन के दोस्त हैं और गोवा जाने का सपना देखते हैं, लेकिन वह पूरा नहीं हो पाता। आखिरकार एक दिन तीनों गोवा की यात्रा के लिए निकल पड़ते हैं और जिंदगी के मजे लेते हुए एक ड्रग्स स्कैंडल में फंस जाते हैं। वहां से उनकी जिंदगी अलग मोड़ ले लेती है और वे इससे निकलने की बजाये इसमें फंसते चले जाते हैं।हर मोड़ पर फिल्म का ट्रेलर हंसी-ठहाकों का डोज दे रहा है। ट्रेलर के अंत में प्रतीक का किरदार यह कहता है कि पहले पूरी जिंदगी गोवा आ नहीं पा रहे थे, अब जा नहीं पा रहे हैं। ट्रेलर के टैगलाइन में लिखा है, बचपन के सपनेज्लग गए अपने। कुणाल खेमू ने फिल्म का ट्रेलर साझा करते हुए लिखा, गोवा जाने वाली मडगांव एक्सप्रेस आपके नजदीकी सिनेमाघरों में 22 मार्च को आ रही है।कुणाल खेमू द्वारा लिखित और निर्देशित मडगांव एक्सप्रेस का निर्माण रितेश सिधवानी और फरहान अख्तर ने अपने बैनर एक्सेल एंटरटेनमेंट के तहत किया है। दिव्येंदु, प्रतीक गांधी और अविनाश तिवारी के अलावा कलाकारों में नोरा फतेही, उपेंद्र लिमये और छाया कदम भी शामिल हैं। यह बहुप्रतीक्षित फिल्म 22 मार्च, 2024 को बड़े पर्दे पर रिलीज होने के लिए तैयार है।




# फिल्म देवरा से जाह्नवी कपूर की नई झलक आई सामने



बॉलीवुड एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर अपनी पहली साउथ फिल्म देवरा' को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। इसमें वह साउथ सुपरस्टार जूनियर एनटीआर के अपोजिट नजर आएंगी। जाह्नवी कपूर की 27वां बर्थडे के खास मौके पर देवरा' के मेकर्स ने फिल्म से उनका फर्स्ट लुक शेयर किया है। इसके साथ ही उन्हें जन्मदिन की बधाई भी दी है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (ट्विटर) पर देवरा' नाम के अकाउंट से एक पोस्ट शेयर किया गया है, जिसमें जाह्नवी कपूर के लुक की झलक दिखाई गई है।. तस्वीर में एक्ट्रेस साड़ी पहने हुए ट्रेडिशनल अवतार में नजर आ रही हैं.। जाह्नवी कपूर ने माथे पर बिंदी लगाई है। इसके अलावा गले में चोकर और कानों में खूबसूरत ईयररिंग्स ने उनके लुक पर चार चांद लगा रहे हैं.। मेकर्स ने देवरा' से जाह्नवी कपूर का लुक शेयर करते हुए उन्हें बर्थडे विश भी किया है।. कैप्शन में लिखा, हमारी प्यरी थंगम जाह्नवी कपूर को जन्मदिन की ढेर सारी शुभकामनाएं।' जाह्नवी कपूर की पहली साउथ फिल्म देवरा' का टीजर कुछ दिनों पहले रिलीज हुआ था, जिसमें जूनियर एनटीआर एक्शन अवतार में नजर आए थे। अब फैंस इसके ट्रेलर लॉन्च का इंतजार कर रहे हैं.हाल ही में जूनियर एनटीआर ने देवरा' फिल्म के नए पोस्टर की झलक दिखाई थी, जिसके साथ ही उन्होंने बताया कि फिल्म इस साल 10 अक्टूबर, 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी. इस फिल्म में विलेन कोई और नहीं बल्कि सैफ अली खान हैं। फिल्म से उनका लुक भी सामने आ चुका है.जूनियर एनटीआर की फिल्म देवरा' के अलावा जाह्नवी कपूर राम चरण की मूवी आरसी 16' में भी नजर आएंगी. इसके अलावा जाह्नवी कपूर के पास उलझ' और मिस्टर एंड मिसेज माही' जैसी फिल्में भी हैं।

# आर्टिकल 370 की बॉक्स ऑफिस पर मजबूत पकड़

यामी गौतम की लेटेस्ट रिलीज आर्टिकल 370 को दर्शकों ने काफी पसंद किया है और ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर लगातार अच्छा परफॉर्म कर रही है। बड़े बजट की हॉलीवुड रिलीज ड्यून पार्ट 2 से टक्कर मिलने के बावजूद भी ये फिल्म टिकट खिड़की पर मजबूत पकड़ बनाए हुए है। ये फिल्म घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 50 करोड़ का आंकड़ा पार कर चुकी है। ये फिल्म रिलीज के दूसरे हफ्ते में है और ये बॉक्स ऑफिस पर अपनी पकड़ मजबूत बनाए हुए है। हालांकि वीकडेज में फिल्म की कमाई में गिरावट भी आई है.। यहां जानते हैं आर्टिकल 370 ने रिलीज के 12वें दिन कितने करोड़ कमाए हैं।कश्मीर से आर्टिकल 370 को हटाने पर बेस्ड यामी गौतम की फिल्म आर्टिकल 370 सिनेमाघरों में खूब धमाल मचा रही है। फिल्म को ना केवल क्रिटिक्स से पॉजिटिव रिव्यू मिले थे बल्कि दर्शकों को भी इसकी कहानी खूब पसंद आई है। इसी के साथ आर्टिकल 370 ने अपने बजटे से तीन गुना ज्यादा कमाई कर ली है.। फिल्म के कलेक्शन की बात करें तो आर्टिकल 370 ने 5.9 करोड़ रुपये से खाता खोला था। इसके बाद फिल्म का पहले हफ्ते का कलेक्शन 35.6 करोड़ रहा.वहीं अब ये फिल्म रिलीज के दूसरे हफ्ते में है.। आर्टिकल 370 ने रिलीज के 8वें दिन 3 करोड़ कमाए थे। 9वें दिन यानी दूसरे शनिवार फिल्म ने 5.5 करोड़ का कलेक्शन किया।. वहीं 10वें दिन यानी सेकंड संडे आर्टिकल 370 ने 6.75 करोड़ की कमाई की जबकि दूसरे सोमवार फिल्म की कमाई में 74.07 फीसदी की गिरावट आई और इसने 1.75 करोड़ की कमाई की.। वहीं अब इस फिल्म की रिलीज के 12वें दिन यानी दूसरे मंगलवार की कमाई के शुरुआती आंकड़े आ गए हैं।रिपोर्ट के मुताबिक आर्टिकल 370 ने रिलीज के 12वें दिन भी 1.75 करोड़ की ही कमाई की है। इसी के साथ आर्टिकल 370 की 12 दिनों की कुल कमाई अब 54.35 करोड़ रुपये हो गई है.।



## संक्षिप्त खबरें

### भाजपा नेता पत्रकारों के साथ हुए अन्याय की जांच की मांग



**रायपुर,07 मार्च 2024(ए)।** भाजपा प्रदेश मीडिया विभाग ने आज मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से मुलाकात कर कांग्रेस के शासनकाल में हुए पत्रकारों के साथ अन्याय की जांच करने हेतु पत्र सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने कहा छत्तीसगढ़ में कांग्रेस शासन काल में पिछले 5 वर्ष अभिव्यक्ति की आजादी की दृष्टि से भयावह रहे हैं। पत्रकारों की प्रताड़ना, महज समाचार प्रसारित/प्रकाशित करने में कारण उन पर लगाये जाते झूठे मुकदमों आदि ने नागरिक के मौलिक अधिकार पर गंभीर कुठाराघात किया। अनेक ऐसे पत्रकार हैं जो नाहक मुकदमों आदि का सामना कर रहे हैं।

### राज्य शासन ने नियुक्त किया कार्यवाहक अध्यक्ष



**रायपुर,07 मार्च 2024(ए)।** राज्य शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने तीन नगरीय निकायों में अध्यक्ष के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव पारित होने के बाद कार्यवाहक अध्यक्ष नियुक्त किया है। विभाग द्वारा मंत्रालय से जारी अलग-अलग आदेश के अनुसार बिलासपुर जिले के तखतपुर नगर पालिका के वार्ड क्रमांक-13 की पार्षद श्रीमती अमरीका कृष्ण कुमार साहू को तखतपुर नगर पालिका का कार्यवाहक अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

# शराब दुकानों के लिए नया कानून

**» शराब दुकानों के लिए राज्य सरकार ला रही पहली बार अहाता पॉलिसी**

**» 100 करोड़ से ज्यादा का राजस्व प्राप्त होने का अनुमान**

**रायपुर,07 मार्च 2024(ए)।** प्रदेश में शराब पीने के लिए जल्द ही लाइसेंसी अहाता शुरू होने वाला है, जिसके लिए आबकारी विभाग टेंडर लाएगी और लाइसेंस जारी करेगा। अहाता चलाने के लिए छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कार्पोरेशन लिमिटेड टेंडर करेगी। इसमें लाइसेंस की राशि निर्धारित की जाएगी।राज्य सरकार पहली बार शराब दुकानों के लिए अहाता पॉलिसी लाने जा रही है। जिसे भी टेंडर मिलेगा। उसे अहाता चलाने के लिए लाइसेंस दिया जाएगा। इससे सरकार को शराब के अलावा 100 करोड़ रुपए से ज्यादा का राजस्व प्राप्त होने का अनुमान है।सूत्रों के अनुसार अप्रैल से नई अहाता पॉलिसी लागू हो जाएगी। आबकारी अधिकारियों ने बताया कि पिछली सरकार में भी अहाता पॉलिसी पर काम किया गया था, लेकिन लागू नहीं हो पाया। नेताओं और अधिकारियों ने अपने करीबी लोगों को अहाता दे दिया था।



इससे सरकार को किसी तरह के राजस्व की प्राप्ति नहीं हो रही थी। अधिकांश शराब दुकानों के पास अवैध अहाता खोले लिए गए थे। सरकार अब अहाता चलाने के लिए सिस्टम बना रही है। आबकारी अधिकारियों ने बताया कि अहाता चलाने के लिए लाइसेंस दिया जाएगा। अभी जो पॉलिसी बनाई जा रही है, उसके तहत 2 से 3 करोड़ रुपए अहाता चलाने वाले को देना होगा। दुकान की सेलिंग जितनी होगी, उसके अनुसार प्रतिशत तय किया जाएगा। इसे 12 किस्तों में देना होगा। लाइसेंस एक साल के लिए दिया जाएगा। अहाता पॉलिसी लागू होने के बाद शराब दुकान के 100-150 मीटर की परिधि में कोई दूसरा व्यक्ति चखना सेंटर नहीं खोल सकेगा। जिसे भी लाइसेंस दिया जाएगा, उसे बैठने से लेकर खाने-पीने की पूरी व्यवस्था करनी होगी। इसमें बारिश और ठंड को ध्यान रखकर सेटअप तैयार किया जाएगा। वहां एसी या कूलर लगाना होगा। दुकान के आसपास साफ-सफाई की जिम्मेदारी भी अहाता संचालक की होगी। अहाता मेन रोड से हटकर ही खोला जाएगा, ताकि ट्रैफिक प्रभावित न हो।आबकारी से सरकार को हर साल 6000 करोड़ रुपए से ज्यादा का राजस्व मिलता है। हर साल इसमें इजाफा हो रहा है। राज्य के 33 जिलों में देशी और अंग्रेजी मिलाकर 650 से ज्यादा दुकानें हैं। सरकार ने अगले वित्त वर्ष में कोई भी नया दुकान नहीं खोलने का फैसला किया है।जिन दुकानों को लेकर विवाद है, उन्हें दूसरी जगह शिफ्ट की जाएगी।

## 24 करोड़ रुपए का फर्जीवाड़ा उजागर

### राजीव मितान क्लब का पैसा निजी खातों में जाता रहा

**रायपुर,07 मार्च 2024(ए)।** राजीव मितान क्लब को हुए भुगतान की सरकारी जांच शुरू होने से पहले ही ने इसकी पड़ताल शुरू कर दी है। इसमें कई चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। ने रायपुर जिले में बने राजीव मितान क्लब योजना की जांच की तो पता चला कि क्लब के खातों के बजाय क्लब संचालकों के निजी खातों में रकम जमा कर दी गई।इतना ही दो साल में किसी भी क्लब का ऑडिट तक नहीं किया गया।क्लब वाले भी इसमें पीछे नहीं रहे। दो साल में न तो कभी बैठक की और न ही मिले फंड का हिसाब दिया। सरकार ने भी कभी आपत्ति नहीं की। किसी भी साल किसी भी क्लब का फंड तक नहीं रोका गया। युवाओं में खेल, संस्कृति और कैरियर बनाने को बढ़ावा देने के लिए रायपुर समेत राज्यभर के 33 जिलों में 13242 क्लब बनाए गए।करीब तीन साल में इन क्लबों को 132 करोड़ रुपए से ज्यादा का भुगतान कर दिया गया। केवल रायपुर शहर में ही 200 से ज्यादा क्लब बनाए गए और 2 साल में 24 करोड़ से ज्यादा का भुगतान किया गया। शहर के किसी भी क्लब की कभी जांच नहीं की गई कि क्लब वाले फंड का कर क्या रहे हैं। उसके दस्तावेज तक जमा नहीं कराए गए।दो साल तक अफसर सबकुछ ओके मानते रहे। इसमें चौंकाने वाली बात यह है कि अफसरों ने यह भी जानने की कोशिश नहीं कि क्लब का खाता क्यों नहीं खोला गया और सदस्यों के खातों में रकम क्यों जमा हो रही है।




## भाजपा नेता की हत्या



**बीजापुर-रायपुर,07 मार्च 2024(ए)।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में नक्सलियों ने एक बार फिर से एक भाजपा नेता की गला काटकर हत्या कर दी है। हत्या के बाद शव को भूरीपानी और कोकमेंटा के बीच फेंक दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।मिली जानकारी के अनुसार मृतक कैलाश नाग जांगला के निवासी थे। भाजपा में व्यापारी प्रकोष्ठ के मंडल उपाध्यक्ष के पद पर कार्यरत रहे। बीजापुर एसपी जितेंद्र यादव ने कहा कि नक्सली घटना हुई है। मृतक भाजपा का कार्यकर्ता है। घटना की पूरी जानकारी ली जा रही है।

# गर्ल्स हॉस्टल पोटा केबिन में लगी भीषण आग

**» पूरा भवन हुआ खाक, एक छात्रा लापता**

**» 350 छात्राओं को दूसरे हॉस्टल में किया गया शिफ्ट**

**» आदिम जाति कल्याण विभाग के स्थानीय अधिकारी की लापरवाही फिर उजागर**

**बीजापुर,07 मार्च 2024(ए)।** बस्तर संभाग के बीजापुर जिले में फिर बड़ा हादसा हो गया। वहां स्थित आवासीय गर्ल्स हॉस्टल पोटा केबिन में बीती देर रात भीषण आग लग गई। उस समय सभी छात्राएं सो रही थीं, जो आग की तपिश महसूस होते ही जाग गई और उन्होंने भागकर जान बचाई। आग से पूरा हॉस्टल और छात्राओं का सामान जलकर खाक हो गया है। मिली जानकारी के अनुसार आवसीय पोटा केबिन में 350 छात्राएं रहकर पढ़ाई करती हैं। बुधवार 7 मार्च की देर रात ये छात्राएं भोजन करने और कुछ देर तक कोर्स की किताबों का अध्ययन एवं होम वर्क पूरा करने के बाद अपने अपने बेड पर सोने चली गईं। जब ये छात्राएं गहरी नींद में थीं, तभी हॉस्टल पोटा केबिन में आग लग गई। आग तेजी से पूरे भवन में फैल गई। आग की तपन महसूस होने पर कुछ छात्राओं की नींद खुल गई। आग की लपटें देखकर उन छात्राओं ने चीख पुकार मचाना शुरू कर दिया। शोर सुनकर सभी छात्राएं उठ गईं और उन्होंने भागकर अपनी जान बचाई। सभी छात्राएं हॉस्टल से बाहर निकलकर सुरक्षित दूरी पर चली गईं और मदद के लिए शोर मचाने लगीं। उनकी आवाज सुनकर हॉस्टल के कर्मचारी और आसपास रहने वाले ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। सभी ने यहां वहां से पानी लाकर आग बुझाने की कोशिश की, मगर आग इतनी तीव्र थी कि कर्मचारी और ग्रामीण भी कुछ नहीं कर पाए। आग ने पूरी पोटा केबिन को जद में ले लिया और पूरी तरह से खाक कर दिया। बाद में सभी छात्राओं को रेस्क्यू कर जीबीवी केबिन में शिफ्ट किया गया। पूरी पोटा केबिन जलकर खाक हो गई है। वहीं वहां रहकर अध्यनरत लिपाक्षी नामक छात्रा के लापता होने की खबर है। यह पोटा केबिन बीजापुर जिले के आवापल्ली थानाक्षेत्र अंतर्गत चिंताकोंटा में स्थित है और आदिम जाति कल्याण एवं विकास विभाग द्वारा संचालित है। यहां रहने वाली छात्राएं अनुसूचित जाति जनजाति वर्ग की हैं। वहीं दूसरी ओर लापता छात्रा लिपक्षी की खोजबीन की जा रही है। अधिकांश छात्राओं के परिजन घटना स्थल पर पहुंच गए हैं। लापता छात्रा लिपाक्षी के भी पहुंचने की खबर है। वहीं छात्राएं जान बचाने के फेर में अपने कपड़े लत्ते, पुस्तक कॉपियां और दीगर जरूरी सामानों को निकाल नहीं पाई। यह सारे सामान भी जल गए हैं। अग्नि दुर्घटना की खबर मिलते ही मौके पर बीजापुर के एसडीएम, जिला शिक्षा अधिकारी, टीएमसी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी, खंड स्त्रोत समन्वयक पहुंच गए हैं।



### सहायक आयुक्त हैं बेपरवाह

बीजापुर में पदस्थ आदिम जाति कल्याण एवं विकास विभाग के सहायक आयुक्त की बेपरवाही फिर एक बार उजागर हो गई है। विभाग के कामकाज और छात्रावासों, कन्या आश्रमों, शिक्षा परिसरों की देखरेख और व्यवस्थाएं जानने की फुरसत सहायक आयुक्त को नहीं है। हॉस्टल में इतनी बड़ी दुर्घटना हो गई और सहायक आयुक्त श्री मसराम अपने सरकारी बंगले में आराम फरमाते रहे। सारे बड़े अधिकारी पहुंच गए थे, लेकिन इन साहब का कोई पता ही नहीं था। श्री मसराम काफी विलंब से पहुंचे।







प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफ्सेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)